संगीत-रत्नाकर

[भाग १]

शार्ङ्गदेव द्वारा रचित संगीत-रत्नाकर के स्वरगताध्याय का

हिन्दी-अनुवाद

अनुवादक

लक्ष्मीनारायण गर्ग

●

सहायक

आचार्य चक्रपाणि

●

भूमिका-लेखक

आचार्य बृहस्पति

मूल्य
सात रुपए

प्रथम संस्करण
फरवरी १९६४

प्रकाशक

संगीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)

SANGEET-RATNAKAR
Hindi translation of the Swargatadhyaya of Sangeet-Ra
Originally written by
Acharya Sharngadev in 13th Centuary

Translated by
L. N. GARG

Printed by
SANGEET PRESS,
HATHRAS (India)

First Edition
February, 1964

Price
Rs. 7/-

Published by
SANGEET KARYALAYA,
HATHRAS (India)

दो शब

आचार्य
ापने जीवन के अन्तिम क्षणों में आदरणीय भातखण्डेजी
उत्तराधिकारियों के लिए जो वसीयत की थी, वह 'हिन्दुस्ता
ा-पद्धति' (भातखण्डे-संगीत-शास्त्र) चतुर्थ भाग के उपसंहार में है

स्वर्गीय भातखण्डेजी के उन शब्दों में 'रत्नाकर' के स्पष्टीकरा
सम्भव बताया गया है और कहा गया है कि यह कार्य भावी
..ढ़यों को करना ही चाहिए।

प्रत्येक व्यक्ति की विचारधारा में विकास हुआ करता है।
ान् १९११ अथवा १९१२ में भातखण्डेजी का मत 'रत्नाकर' और
ाके रचयिता शार्ङ्गदेव के विषय में कुछ भी रहा हो, परन्तु अपनी
ायत में उन्होंने स्पष्टतया 'रत्नाकर' की उपयोगिता को स्वीकृत
.के उसके स्पष्टीकरण को सम्भव बताते हुए इस बात पर खेद
कट किया है कि वे अपने जीवन में कुछ महत्त्वपूर्ण कार्यों को
र नहीं सके।

सच बात तो यह है कि भातखण्डेजी का प्रधान प्रयत्न यह था
कि उनके द्वारा प्रचलित संगीत लिपिबद्ध हो जाए, प्राप्य और अप्राप्य
बन्दिशें स्वरलिपि-सहित प्रकाशित हो जाएँ और एक ऐसी पद्धति का
निर्माण हो, जो पाठशालाओं और विद्यालयों के लिए उपयोगी हो।
प्रचलित संगीत को एक शैलीबद्ध रूप देना और उसमें एकरूपता
ले आना उनका प्रमुख लक्ष्य था। प्राचीन ग्रन्थों पर अनुसंधान करने
के लिए न उनके पास समय था और न उनका यह प्रयोजन ही था।
जहाँ-जहाँ भी उन्होंने प्राचीन ग्रन्थों की चर्चा की है, वहाँ-वहाँ वह
प्रानुषंगिक रूप से हुई है; फिर भी उन्होंने 'रत्नाकर' जैसे प्राचीन ग्रन्थों
के सम्बन्ध में जो प्रश्न उठाए हैं, वे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं और
:त्नाकर' जैसे ग्रन्थों पर काम करनेवाले शोधकर्त्ता के लिए उन प्रश्नों
ा उत्तर खोजना अनिवार्य हो जाता है।

'संगीत-कार्यालय' ने 'रत्नाकर' के स्वराध्याय का अविकल हिन्दी-
... संगीत-जगत् के सम्मुख रखकर उन सज्जनों को 'रत्नाकर'

ब्दों पर स्वतंत्र रूप से विचार करने का अवसर दिया है, जो कृत भाषा से परिचित नहीं हैं। इसलिए 'संगीत-कार्यालय' के चालक और इस ग्रन्थ के अनुवादक संगीत-जगत् की ओर से बधाई के पात्र हैं।

'संगीत-कार्यालय' यह विचार कर रहा है कि 'नाट्यशास्त्र' के संगीत-सम्बन्धी अध्यायों और 'रत्नाकर'-जैसे ग्रन्थों का प्रामाणिक और विस्तृत भाष्य यथासमय प्रकाशित करे, परन्तु यह कार्य बहुत बड़ा है—जब ईश्वरेच्छा होगी, तब होगा। जब तक वह न हो, तब तक यह अनुवाद-मात्र इस विषय के जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

'रत्नाकर' के विषय में थोड़ा-बहुत यहाँ कह देना अप्रासंगिक न होगा।

'रत्नाकर' के रचयिता शार्ङ्गदेव के पितामह कश्मीर छोड़कर दक्षिण में जा बसे थे। राजनीतिक उथल-पुथल के कारण उत्तर-भारत के अनेक विद्वान् बहुमूल्य ग्रन्थों को छाती से लगाए दक्षिण की ओर आश्रय की खोज में गए थे। दक्षिण के राजाओं ने ऐसे विद्वानों को आश्रय दिया और उनका भरपूर सम्मान किया। बारहवीं शताब्दी के अन्तिम दशक में मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज का वह युद्ध हुआ। जो भारत के भाग्य का निर्णायक बना। 'रत्नाकर' के प्रणयिता शार्ङ्गदेव के जीवन-काल की यह घटना थी। शार्ङ्गदेव-जैसे विद्वान् से भारत का भविष्य छिपा नहीं रह सकता था। जो व्यक्ति संगीत-शास्त्र और कला का महान् मर्मज्ञ, आयुर्वेद-शास्त्र का पारंगत विद्वान् और वेदान्त का चूडान्त पंडित हो, उसका भविष्यद्रष्टा होना स्वाभाविक है। आचार्य ने भविष्य देखा और संगीत विषय की बिखरी हुई सामग्री को बड़े ढंग से एकत्र सँजो दिया। 'रत्नाकर' के प्रसिद्ध टीकाकार सिंहभूपाल (१४-वीं सदी ई०) ने 'रत्नाकर' के इस महत्त्व को स्वीकृत करते हुए आचार्य शार्ङ्गदेव के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है और कहा है कि 'रत्नाकर' के महत्त्व को समझनेवाले ... युग में वह स्वयं ही हैं। 'रत्नाकर' के दूसरे टीकाकार 'कल्लि... (१५-वीं सदी ई०) ने भी 'रत्नाकर' की दुरूहता और गम्भीरता स्वीकृत करते हुए अपने युग में स्वयं को ही 'रत्नाकर' का म...

बताया है। सिंहभूपाल और कल्लिनाथ, इन दोनों का ही कथन महत्त्वपूर्ण है। जो कल्लिनाथ की टीका को समझने-योग्य संस्कृत भी नहीं जानते, उनके द्वारा 'रत्नाकर' की संक्षिप्ततम और सारगर्भित भाषा को समझना सम्भव नहीं। बात कुछ और ही है; उत्तर-भारत में यवनों के प्रभाव से भारतीय रागों का वर्गीकरण ईरानी मुक़ाम-पद्धति के आधार पर किया गया। इस पद्धति का आधार अष्टक (Octave) था, सप्तक नहीं। इसी मूलभूत भेद के कारण दुनिया बदल गई।

मुक़ाम-पद्धति को लोचन-जैसे पंडितों ने संस्थान-पद्धति कहा और १४-वीं शताब्दी ई० के पूर्वार्ध में यही पद्धति विद्यारण्य के पास पहुँचकर मेल-पद्धति बनी। रामामात्य, व्यंकटमखी जैसे दाक्षिणात्य विद्वानों ने इसी पद्धति को पल्लवित किया और यही उनके विचार का आधार बनी। जिन व्यक्तियों ने भी मेल-पद्धति या थाट-पद्धति की ओर आग्रह रखते हुए 'रत्नाकर' को समझने की चेष्टा की, वे असफल रहे और 'रत्नाकर' पर झुँझलाए। 'संगीतसुधा' के लेखक तंजौर-नरेश रघुनाथ (१७-वीं सदी ई०) ने तो झुँझलाकर कहा है कि सप्ताध्यायी समझ में नहीं आती, इसलिए वे अपने समय के रागों का निरूपण विद्यारण्य के मत से कर रहे हैं। बड़ी मनोरंजक बात यह है कि रघुनाथ नरेश ने भी अपने 'संगीतसुधा' में स्वराध्याय की सामग्री 'रत्नाकर' से ही ली है और उसे समझे-बिना अपने ग्रन्थ में स्थान दिया है। तात्पर्य यह है कि 'रत्नाकर' के आतंक से वे भी अपने को मुक्त नहीं कर पाए।

उत्तर-भारत के बीनकारों ने मुक़ाम-पद्धति को ठाठ-भेद कहा और दक्षिण के बीनकारों ने उसे मेल-पद्धति। विचार करने की बात यह है कि ठाठ या मेल की चर्चा करनेवाले सभी व्यक्ति वीणा-वादक हुए हैं, गायक नहीं।

हुसेनशाह शर्की के सूबेदार के पुत्र से लेकर मुग़ल-सम्राटों तक ने 'रत्नाकर' का आदर किया। अनेक ध्रुवपदों में 'रत्नाकर' और उसके विषय की चर्चा सम्मान-पूर्वक की गई है और मुग़ल-सम्राटों को 'रत्नाकर' पर विचार करनेवाला और उसका मर्मज्ञ बताया गया है।

यह बात नहीं कि 'रत्नाकर' की चर्चा-मात्र उन ध्रुवपदों में हो। तानसेन से लेकर सदारंग और अदारंग तक के ऐसे ध्रुवपद मिलते हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि गुणियों की यह परम्परा 'रत्नाकर' के मर्म को पूर्णतया समझती थी। इस योग्यता के बल पर तानसेन ने उन राग-रूपों को सम्मुख रखा था, जो उस युग को नए प्रतीत हुए थे। तानसेन के 'संगीतसार' नामक ग्रन्थ में मेल-पद्धति की चर्चा तक नहीं है और मूर्च्छना-पद्धति का आधार लेकर सारी बात कही गई है। जो लोग 'रत्नाकर' को नहीं समझते, उनके लिए तानसेन का यह ग्रन्थ भी पत्थर का अचार है।

अपने एक ध्रुवपद में तानसेन ने स्पष्ट कहा है कि 'ध प म ग रे स नि' ही 'नि ध प म ग रे स' हैं। भरत और शार्ङ्गदेव के शुद्ध 'ध प म ग रे स नि' तानसेन के युग के शुद्ध 'नि ध प म ग रे स' हैं। यही 'नि ध प म ग रे स' भातखण्डेजी के भी शुद्ध 'नि ध प म ग रे स' हैं। इन संक्षिप्त परन्तु महत्त्वपूर्ण बातों की ओर गम्भीरता-पूर्वक ध्यान देना उन लोगों का कार्य है, जिनके हृदय में ज्ञान के, लिए प्यास है।

'रत्नाकर' जैसे ग्रन्थों के स्पष्टीकरण के बिना हम अपने संगीत का वैज्ञानिक इतिहास नहीं लिख सकते। 'संगीत परिवर्तनशील है'— इतना कहने से काम नहीं चलता। क्या परिवर्तन, किस प्रयोजन के लिए, किसके द्वारा, किस समय हुआ—जब तक इन प्रश्नों का उत्तर न मिले, बात पूरी नहीं होती। दो वस्तुओं की वास्तविक तुलना उसी दशा में सम्भव है, जब वे दोनों देखनेवाले के समक्ष हों। इसी बात की गम्भीरता को समझते हुए स्व० भातखण्डेजी ने अपनी वसीयत की है।

हमने इस दिशा में अपना जीवन देने का संकल्प २६ वर्ष पूर्व किया था। भगवान् की बड़ी कृपा है कि हमारे इस पवित्र संकल्प में 'संगीत-कार्यालय' और उसके संचालक पूर्णरूपेण हमारे सहायक रहे हैं। भगवान् शंकर की कृपा से हम 'जातियों' को उनके रहस्य-सहित स्पष्ट कर चुके हैं, उनमें नई बन्दिशों की रचना करके अपने शिष्यों के द्वारा 'सुरसिंगार-संसद्' के सम्मेलन-जैसे अवसरों पर सफलता-पूर्वक प्रस्तुत करा चुके हैं और वर्षों पूर्व उनके टेप-रिकार्ड

'संगीत-नाटक-अकादमी' को भी दे चुके हैं। यही नहीं, 'रत्नाकर' के कुछ रागों को पूर्णतया स्पष्ट करके उनकी शिक्षा भी हम अपने शिष्यों को दे चुके हैं। ऐसे रागों में एक राग शुद्ध भैरव के रिकार्ड आकाशवाणी के दिल्ली, लखनऊ, जालन्धर, बम्बई इत्यादि केन्द्रों ने लिए हैं और ये रिकार्ड सैकड़ों बार आकाशवाणी से प्रसारित हुए हैं। हमारा और 'संगीत-कार्यालय' का यह सम्मिलित संकल्प है कि हमलोग अपने जीवन में प्राचीन ग्रन्थों के सप्रयोग स्पष्टीकरण का महत्त्वपूर्ण कार्य कर सकें और हमारे देश का मुख विश्व के समक्ष गौरव से उन्नत हो। हम तो निमित्त-मात्र हैं; कार्य करानेवाला वह परम चैतन्य है, जो हमको इस दिशा में लगा रहा है।

हमारे इन प्रयत्नों से स्व० भातखण्डेजी-जैसे युगद्रष्टा की आत्मा को अवश्य शान्ति मिलेगी और हम सब उनके ऋण से उऋण होंगे, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। गंगा को लाने का श्रेय भगीरथ को भले ही मिला हो, परन्तु उसके पूर्वजों की तपस्या और अनुभव उसका मार्ग-दर्शन कर रहे थे, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं। ईश्वर ने चाहा, तो हम संगीत-परिवार के सभी सदस्य 'नाट्यशास्त्र' के २८-वें अध्याय का प्रामाणिक भाष्य लेकर शीघ्र ही पाठकों की सेवा में उपस्थित होंगे।

'संगीत' के संचालक श्री प्रभूलाल जी गर्ग और सम्पादक श्री लक्ष्मीनारायण गर्ग ने मुझसे इस अनुवाद के लिए भूमिका के रूप में दो शब्द लिखने का आग्रह किया था। इस आग्रह को पूरा भी उन्होंने ही कराया है। मैं स्वयं को उस प्रत्येक व्यक्ति का सेवक मानता हूँ, जो संगीत के कल्याण में किसी भी हैसियत से दत्तचित्त है। संगीत-सम्बन्धी अनुसंधान एक महान् यज्ञ है और इस यज्ञ में प्रत्येक व्यक्ति अपना योग दे, यही ईश्वर से प्रार्थना है।

भगवान् हम सभी को शक्ति दे, जिससे हम इस दिशा में प्रतिक्षण अग्रसर हो सकें।

—बृहस्पति

प्रकाशक का वक्तव्य

'संगीतरत्नाकर' के स्वरगताध्याय का यह प्रथम हिन्दी-अनुवाद पाठकों के करकमलों में प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यन्त हर्ष हो रहा है। वस्तु जैसी है, सेवा में प्रस्तुत है। हमारी यह नीति रही है कि हम संगीत के प्रामाणिक विद्वानों और कलाकारों की सम्मति से पूर्ण लाभ उठाएँ। हम विद्वानों के चिन्तन का निष्कर्ष पाठकों के सम्मुख रखने में निमित्त-मात्र हैं, किसी भी पक्ष की ओर हमारा कोई आग्रह नहीं है। प्रकाशक के लिए यह दृष्टि अत्यन्त आवश्यक है।

श्री बृहस्पति जी से हमें सदा मार्ग-दर्शन मिला है और वे अत्यन्त स्नेह-पूर्वक समय-समय पर हमें अपने सुझाव देते रहे हैं। अत्यन्त असुविधामय स्थिति में भी उन्होंने इस अनुवाद की भूमिका हमें देने का कष्ट किया है, यह उनके स्नेह का द्योतक है।

हमारा संकल्प है कि हम संगीत-सम्बन्धी साहित्य का प्रामाणिक प्रकाशन निरंतर करते रहें, परन्तु अच्छे और मूल्यवान् ग्रन्थों के लिए ग्राहक नहीं मिलते। परिणाम यह होता है कि प्रकाशित होने पर भी अच्छे ग्रन्थ केवल हमारे भांडार की शोभा बढ़ाते रहते हैं। प्रसन्नता की बात है कि विश्वविद्यालयों का ध्यान संगीत की ओर जारहा है और 'पंजाब-विश्वविद्यालय' ने एम. ए. में संगीत को एक विषय मान लिया है। अनेक उच्च परीक्षाओं के पाठ्य-क्रम में 'रत्नाकर' भी पाठ्य-पुस्तक के रूप में है। हमें विश्वास है कि इन परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए यह अनुवाद विशेष रूप से उपयोगी होगा। अनुवाद के अन्त में कुछ सारणियाँ दी गई हैं और इनमें वे भूलें नहीं हैं, जो 'रत्नाकर' के आनन्दाश्रम-संस्करण की सारणियों में हैं और जिन भूलों से पाठकों को आज तक भ्रम होता चला आरहा है।

प्रयत्न करने पर भी मनुष्य से कुछ-न-कुछ भूल हो ही जाती है। हमसे भी एक भूल हुई है। चौथे प्रकरण में पृष्ठ ३२ पर 'प्रस्तार' शीर्षक से जो अंश आरम्भ हुआ है और पृष्ठ ४० पर जिसकी समाप्ति हुई है, उस भाग में श्लोक ५५ से ७१ तक के श्लोकों का अनुवाद 'प्रस्तार' के स्पष्टीकरण में मिल गया है और इतने अंश के अन्त में श्लोक-संख्या ५५-७१ दी गई है। इतने अंश को 'रत्नाकर' के शब्दों का अनुवाद-मात्र नहीं मानना चाहिए। हम चाहते थे कि इतने अंश को निकालकर फिर मुद्रित करदें, किन्तु ग्राहकों के तकाजों से घबराकर हम इसे जैसे-का-तैसा प्रस्तुत कर रहे हैं। अगले संस्करण में यह भूल सुधार दी जाएगी। आशा है, विज्ञ पाठक इस प्रमाद के लिए हमें क्षमा करेंगे। चलता हुआ व्यक्ति यदि भूल से फिसल जाता है, तो दुर्जन उस पर हँसते हैं, परन्तु सज्जन उसे सहारा देते हैं।

—प्रकाशक

अनुक्रमणिका

६–वर्णालंकार-प्रकरण

७–जाति-प्रकरण

८–गीति-प्रकरण

स्वर-प्रस्तार

संगीत-रत्नाकर

प्रथम

पदार्थ-संग्रह-प्रकरण

मंगलाचरण

मैं नित्य निरतिशय सुख की प्राप्ति के लिए उस आनन्दघन शिवरूप स्वरसन्दर्भ का वन्दन करता हूँ जो ब्रह्मग्रन्थि (आधार-चक्र) से उत्पन्न वायु से सम्बद्ध होकर मन द्वारा संगीतज्ञों के हृदयरूपी कमल में अभिव्यक्त होता है; जो षड्ज आदि स्वरों की अभिव्यञ्जक श्रुतियों का आधारस्तम्भ है; जिससे ग्राम, वर्ण, अलंकार और जाति उत्पन्न होते हैं तथा जो नादस्वरूप एवं स्वयं-प्रकाशित है। (१)

वंश-परिचय

काश्मीर देश में एक वृषगण गोत्र वाला वंश है; जो यशस्वी, परम धार्मिक तथा वेदज्ञ ब्राह्मणों से इस प्रकार सुशोभित है मानो पृथ्वी पर साकार रूप में ब्रह्म की अभिव्यक्ति हुई है। (२-३)

इस वंश में सूर्य के समान तेजस्वी भास्कर नामक व्यक्ति उत्पन्न हुए, जिन्होंने दक्षिणायन सूर्य की भाँति दक्षिण दिशा में जाकर निवास किया। (४)

उन (भास्कर) के सोढल नामक पुत्र उत्पन्न हुए, जो बुद्धिमान एवं विनम्र थे। सोढल ने महाराज भिल्लम का आश्रय लेकर लोक में बड़ी कीर्ति प्राप्त की तथा जैत्र नामक नगर में अपना निवास बनाया और बाद मेंमहाराज भिल्लम के पुत्र सिंहण से भी सम्मान एवं धन उपलब्ध किया। (५)

सिंहण बड़े प्रतापी नरेश थे, जिनके चरण-नख महाराजाओं की मुकुट-मणिओं से देदीप्यमान रहते थे। उनका यश विश्वव्यापी होते हुए भी केवल शत्रुओं के हृदय को दग्ध करता था। (६)

गुणी एवं गुणानुरागी राजा को गुणों से प्रसन्न करके विद्वद्वर्य सोढल ने धनादि द्वारा ब्राह्मणों को तृप्त किया। (७)

उन्होंने सम्पूर्ण वस्तुओं का दान किया, समस्त ऐश्वर्य प्राप्त किया, सम्पूर्ण धर्मों का पालन किया तथा वे समस्त गुणों से विभूषित हुए। इन दुग्ध-सागर-रूपी सोढल से शाङ्गदेव नामक चन्द्रमा (पुत्र) का उदय हुआ, जिसकी किरणें (हस्त) सदैव उदारतापूर्वक स्फुरित होती रहीं। (८-९)

जिसने गुरुपद-सेवा की, सम्पूर्ण देवताओं का आराधन किया, सम्पूर्ण शास्त्रों का मर्म जाना, अशेष-पात्रों (गुणियों) का पूजन किया, जिसकी कीर्त्ति जगत् में व्याप्त है, जो स्वयं मन्मथ की मूर्त्ति है एवं जो प्रचुरतर विवेकयुक्त है, ऐसा केवल एक शाङ्गदेव ही है। (१०)

अनेक स्थानों पर भ्रमण करने से क्लान्त सहवासप्रिया सरस्वती ने भी निरन्तर उसके मन्दिर में ही विश्राम किया। (११)

परम विनोदी एवं उदारबुद्धि शाङ्गदेव ने धन द्वारा ब्राह्मणों का, विद्या से जिज्ञासुओं का एवं रसायन से रोगियों का दुःख दूर करके सम्पूर्ण लोकों के तीनों तापों को नष्ट करने की इच्छा से, शाश्वत धर्म, कीर्ति एवं मुक्तिलाभ के लिए 'सङ्गीतरत्नाकर' की रचना की है।(१२-१४)

ग्रन्थ-परिचय

सदाशिव, पार्वती, ब्रह्मा, भरत, मुनि कश्यप, मतंग, याष्टिक, दुर्गा, शक्ति, शार्दूल, कोहल, विशाखिल, दत्तिल, कम्बल, अश्वतर, वायु, विश्वावसु, रम्भा, अर्जुन, नारद, तुम्बुरु, आंजनेय, मातृगुप्त, रावण, नन्दिकेश्वर, स्वाति, गण, बिन्दुराज, क्षेत्रराज, राहल, रुद्रट, नान्यभूपाल, भोज भूवल्लभ, परमर्दी, सोमेश, जगदेक और महीपति तथा भरत के व्याख्याकार लोल्लट, उद्भट, शंकुक, भट्ट अभिनवगुप्त और कीर्त्तिधर आदि सङ्गीत-विशारदों के मतरूपी पयोनिधि को अगाध बोधरूपी मन्थन से मथकर श्री शाङ्गदेव ने यह 'सङ्गीत-रत्नाकर' नामक सारभूत ग्रन्थ निर्मित किया है। (१५-२०)

संगीत-लक्षण

गीत, वाद्य और नृत्य यह तीनों ही सङ्गीत कहलाते हैं। यह संगीत दो प्रकार का है—मार्ग और देशी। जिस सङ्गीत का अन्वेषण ब्रह्मादिकों ने एवं प्रयोग भरतादिकों ने किया, उसे 'मार्ग' कहते हैं।(२१-२२)

विभिन्न देशों में जनरुचि के अनुसार प्रयुक्त होने वाला सङ्गीत 'देशी' कहलाता है। (२३)

नृत्य वाद्य का अनुकरण करने वाला एवं वाद्य गीत का अनुकरण करने वाला होता है इसलिए गीत प्रधान है, जिसका वर्णन किया जाता है। (२४-२५)

गीत

ब्रह्मा ने सामवेद से गीत का संग्रह किया है।

सर्वज्ञ पार्वतीपति (शंकर) गीत से प्रसन्न होते हैं। गोपीपति अनन्त (कृष्ण) वंशीध्वनि के वशीभूत हैं। ब्रह्मा सामगीति में रत हैं। सरस्वती वीणा में आसक्त हैं। अन्य देव, यक्ष, गन्धर्व, दानव तथा मानवों के विषय में क्या कहा जाय ? (२६,२७)

जिस बालक को अभी विषयों का ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ और जो केवल पलना में सोना जानता है, वह भी गीत के अमृत को प्राप्त करके अपना रुदन समाप्त कर देता है और प्रफुल्लित हो जाता है। (२८)

कितने आश्चर्य की बात है कि जो वनचर वन में भ्रमण करता है और तृण ही जिसका आहार है, ऐसा मृगशावक भी लुब्धक (व्याध) के सङ्गीत पर मोहित होकर अपना जीवन समर्पित कर देता है। (२९)

उस गीत का माहात्म्य कौन वर्णन कर सकता है जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का एकमात्र साधन है। (३०)

अध्याय-परिचय

अब यहाँ प्रथम स्वरगत-अध्याय के अन्तर्गत शरीर, नाद की उत्पत्ति, स्थान और श्रुति; तदनन्तर सात शुद्ध स्वर, पाँच विकृत स्वर

इस प्रकार-बारह स्वर, कुल, जाति, वर्ण, द्वीप, ऋषि, देवता, छन्द, विनियोग, श्रुति, जाति, ग्राम, मूर्च्छना, शुद्ध एवं कूटतान, प्रस्तार, खण्डमेरु, नष्ट, उद्दिष्ट, स्वरसाधारण, जातिसाधारण, काकली व अन्तर का प्रयोग, वर्ण-लक्षण, ६३ अलंकार, जातियों के ग्रह व अंश आदि १३ लक्षण, कपाल, कम्बल तथा अनेक प्रकार की गीतियों का वर्णन किया जायगा। (३१-३६)

रागविवेक-अध्याय में ग्रामराग, उपराग, राग, भाषा, विभाषा, अन्तरभाषा, रागों के सम्पूर्ण अङ्ग, भाषांग, क्रियांग और उपांग सभी क्रम से तत्वतः कहे जाएँगे। (३७,३८)

तीसरे प्रकीर्ण-अध्याय में वाग्गेयकार,गान्धर्व,स्वर, गायक व गायनी के गुण-दोष तथा शब्द-भेद, शब्द के गुण-दोष, शरीर के गुण-दोष, गमक, स्थायी (गीत के अवयव), आलप्ति और बृन्द-लक्षण कहे जाएँगे। (३९,४०)

प्रबन्ध-अध्याय में धातु, अङ्ग, जाति, प्रबन्धों के प्रकार, शुद्ध-सूड, छायालग, आलिक्रम, सूडस्थ, आलिस्थ, विप्रकीर्ण, सूडसमाश्रित छायालग और गीतस्थ गुण-दोष सूरी-शाङ्गदेव के द्वारा कहे जाएँगे। (४१-४३)

पंचम तालाध्याय में मार्ग ताल, कला, पात, चार मार्ग, कलाष्टक, गुरु-लघु आदि मान, एक कला आदि भेद, पादभाग, मात्रा, ताल में पात-कला-विधि, अँगुलियों का नियम, युग्मादि भेद, परिवर्त्त, लय, यति, गीत, छंदक आदि गीत, तालांग समूह, गीत के अङ्ग, देसी ताल और प्रत्यय निःशंक शाङ्गदेव द्वारा कहा जायगा। (४४-४७)

छठवें अध्याय में अनेक वाद्यों का वर्णन और सातवें अध्याय में नर्तन, रस तथा भाव क्रम से कहे जाएँगे। (४८)

संगीतरत्नाकर के प्रथम
स्वरगत अध्याय में पहला पदार्थ-संग्रह-प्रकरण समाप्त

दूसरा

पिण्डोत्पत्ति-प्रकरण

नाद

गीत और वाद्य नादात्मक हैं क्योंकि नाद की अभिव्यक्ति से ही ये रमणीयता को प्राप्त होते हैं। इन दोनों का अनुकरण करने वाला नृत्य भी नादात्मक है अतः गीत, वाद्य और नृत्य ये तीनों ही नादात्मक हैं। केवल ये तीनों ही नहीं अपितु सम्पूर्ण जगत ही नादात्मक है क्योंकि नाद से वर्ण, वर्ण से पद और पद से वाक्य की अभिव्यक्ति होती है। यह वाणी का व्यवहार नादाधीन है। (१,२)

नाद के दो प्रकार हैं—आहत और अनाहत। ये दोनों प्रकार का नाद पिण्ड में प्रकाशित होता है अतः पिण्ड का वर्णन किया जाता है। (३)

ब्रह्मस्वरूप

चिदानन्द, स्वयंज्योति, निरंजन, ईश्वर, लिंग (जिसमें प्रपंच का लय हो जाय), अद्वितीय, अज, विभु, निर्विकार, निराकार, सर्वेश्वर, अनश्वर, सर्वज्ञ और सर्वशक्ति जो ब्रह्म है उसके अंश जीव हैं। (४,५)

जीवस्वरूप

जिस प्रकार तेजरूप अग्नि के अंश, काष्ठ-तृण तथा मणि आदि उपाधि से युक्त स्फुलिंग (चिनगारी) कहलाते हैं, उसी प्रकार अनादि अविद्या-उपहत-अंश जीव कहलाते हैं। (६)

सुख-दुःखप्रद पुण्य-पापरूप अनादि कर्मों से सम्बद्ध उन जीवों को मनुष्य आदि देह और आयु तथा भोग प्रत्येक जन्म में प्राप्त होते हैं। उन स्थूल देहधारी जीवों का सूक्ष्म लिंग-शरीर भी होता है जो मोक्ष-पर्यन्त अक्षय माना गया है। (७,८)

सृष्टिक्रम

यह लिंग-शरीर सूक्ष्मभूत इन्द्रिय-प्राण-अवस्थात्मक है।

अज (परमात्मा) जीवों के उपभोगार्थ इस जगत् की सृष्टि करता है और उनकी विश्रान्ति के लिए संहार कर देता है। इस प्रकार यह सृष्टि-संहार की प्रवाह-नित्यता मानी गई है। (९,१०)

जीव आत्मा से भिन्न नहीं है और यह आत्मा जो स्वयं की शक्ति से जगत् का सृजन कर रहा है, जगत् से अभिन्न है, जैसे कि सुवर्ण और कुण्डल में कारण रूपेण अभेद है। (११)

अन्य (वेदान्तियों) के मत में इस जगत की उत्पत्ति अविद्या से होती है जैसे रज्जु में सर्प अर्थात् यह प्रपंच अविद्याकल्पित ब्रह्मविवर्त्त (असत) है। (१२)

आत्मा से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई। यह पंचभूतात्मक विराट का शरीर है। (१३)

ब्रह्म (ईश्वर) ने ब्रह्मा का सृजन किया और उसे वेद देकर वेद-शब्दों द्वारा भौतिक सृष्टि का सृजन कराया। (१४)

उन (ईश्वर) की आज्ञा से ब्रह्मा ने प्रजापतियों की मानस सृष्टि की। उन (प्रजापतियों) से रैतस-सृष्टि हुई। (१५)

यह रैतस-सृष्टि स्वेदज, उद्भेदज, जरायुज तथा अण्डज-भेद से चार प्रकार की है। यूकादि स्वेदज, लतादि उद्भेदज, मनुष्यादि जरायुज और पक्षी आदि अण्डज हैं। इन देहों में मनुष्य देह ही नादोपयोगी है अतः उसीका वर्णन किया जाता है। (१६,१७)

मनुष्य-देह

क्षेत्रज्ञ आकाश में स्थित होता है। आकाश से वायु में आता है, वायु से धुँआ, धुँआ से अभ्र (बिना पानी का बादल) तथा अभ्र से मेघ (जलवत) में आता है। (१८)

आहुतियों से तृप्त तथा ग्रीष्म में ग्रस्तरस भानु, मेघ में जल उत्पन्न कर देता है। जब मेघ द्वारा जल-वर्षण होता है तब जीव वनस्पति एवं औषधियों में अज्ञात रूप से प्रवेश कर जाता है। (१९,२०)

औषधियों से अन्न उत्पन्न होता है। पुरुषों द्वारा भक्षण करने से वह अन्न शुक्लता (वीर्य रूपी ओज) को प्राप्त होता है। जब स्त्री-पुरुष

का समागम होता है तब वह शुक्ल (वीर्य रूपी ओज) स्मरमंदिर (योनि रूपी गर्भस्थान) में पहुंच जाता है। (२१)

यदि वह (शुक्ल) शुद्ध हो तो आर्त्तव के साथ गर्भाशय में प्रविष्ट होकर जीव–कर्म प्रेरित गर्भ के रूप में परिवर्तित हो जाता है। (२२)

प्रथम मास में वह द्रव अवस्था में रहकर कलल कहलाता है। द्वितीय में घन–पिण्ड, पेशी, (या) घन अर्बुद यह क्रम से पुरुष, स्त्री और नपुंसक की प्राग् अवस्था जाननी चाहिए। (२३)

तीसरे मास में पाँच अंकुर अर्थात् दो हाथ, दो पैर और सिर उत्पन्न होते हैं। इसके बाद दाढ़ी, मूँछ तथा दन्त आदि जन्मान्तर-संभव भागों को छोड़कर सूक्ष्म अङ्ग–प्रत्यङ्ग हो जाते हैं। (२४,२५)

यह जरायुज (मनुष्य) का साधारण स्वभाव है। अन्य (अङ्गों की विषमता आदि) विकृति कहलाती है। चौथे मास में इन अङ्ग-प्रत्यङ्गों का स्पष्ट रूप प्रगट होने लगता है और शौर्य आदि पुरुषभाव, भीरुत्व आदि स्त्रीभाव तथा संकीर्ण आदि नपुंसकभाव की उत्पत्ति हो जाती है। (२६,२७)

मातृ–हृदय से सम्बद्ध गर्भ–हृदय विषयों की इच्छा रखता है अतः गर्भ–वृद्धि के लिए माता की हृदयस्थ–अभिलाषा को पूर्ण करना चाहिए। (२८)

ऐसी स्त्री को बुद्धिमानों ने द्विहृदया (दो हृदय धारण करने वाली) कहा है। यदि गर्भिणी का मनोरथ पूर्ण न किया जाय तो गर्भ में विकृति उत्पन्न हो सकती है। (२९)

माता की जो इच्छा पूर्ण न होगी उसका प्रभाव पुत्र पर पड़ सकता है। यदि राजदर्शन के लिए गर्भिणी की अभिलाषा है और वह उसे प्राप्त हो जाय तो गर्भस्थ–शिशु अर्थवान एवं भोगी होगा। (३०)

यदि अलंकारों में माता की रुचि है तो ललित, तपस्वियों के आश्रम में रुचि है तो धर्मनिष्ठ, देव–दर्शन में रुचि है तो भक्त, सर्प-दर्शन में रुचि है तो हिंसक, गोधा–भक्षण में रुचि है तो निद्रालु, गो–माँस में रुचि है तो बली और यदि भैंसा के माँस में रुचि है तो शिरीष की तरह लाल नेत्र वाला पुत्र उत्पन्न होता है। (३१,३२)

पाँचवें मास में चित्त प्रबुद्ध हो जाता है और (बच्चे के) माँस तथा रक्त बनने लगते हैं। छठवें मास में अस्थि, स्नायु, नख, केश तथा रोम पृथक्-पृथक् प्रगट होने लगते हैं तथा बल और वर्ण की वृद्धि होने लगती है। सातवें मास में अङ्ग पूर्ण होने लगते हैं। पालि (जंघाओं) से आच्छादित हाथों द्वारा कर्ण-छिद्रों को बन्द करके गर्भ की स्थिति से भयभीत वह बालक पूर्व-अनुभूत यातनाओं का स्मरण करता हुआ, मोक्ष के उपाय का प्रयत्न करता है। आठवें मास में त्वचा, स्मृति और ओज उत्पन्न होते हैं। ओज हृदय में स्थित रहता है। यह शुद्ध तथा किंचित पीतरक्त वर्ण वाला होता है। प्राणधारण में यह ओज ही निमित्त है तथा कभी माता और कभी गर्भ की ओर यह घूमता रहता है। (३३-३७)

यदि आठवें मास में ओज बालक को छोड़ दे तो वह जीवित नहीं रहता। संस्कारवश कुछ काल तक उसकी स्थिति खण्डित अङ्ग की तरह रह सकती है। (३८)

नवें मास से प्रसवकाल प्रारम्भ हो जाता है। माता की रसवाहक नाड़ी से सम्बद्ध गर्भस्थ शिशु की नाभिस्थ परा नामक नाड़ी, माता के आहार-रस द्वारा बालक को पोषित करती है। ललाट पर अञ्जलि बांध कर यह बालक माता की पृष्ठभूमि में स्थित रहता है। पुरुष दक्षिण कोख में और स्त्री माता की वाम कोख में तथा नपुंसक मध्य में स्थित रहता है। (३९-४१)

प्रबल प्रसूति-वायु के द्वारा उस बालक का सिर नीचे की ओर कर दिया जाता है और योनि-मार्ग द्वारा वह व्यथित जीव बाहर निकाल दिया जाता है। नवप्रसूत वह बालक पूर्व जन्म के संस्कार से स्तन की ओर प्रवृत्त होता है अतः जीव की नित्यता सिद्ध होती है। (४२,४३)

भाव-भेद

मातृज, पितृज, रसज, आत्मज, सत्वज तथा सात्म्यज (संस्कारज), ये ६ प्रकार के भाव होते हैं। (४४)

मृदु, शोणित, मेद, मज्जा, प्लीहा, यकृत, गुद, हृदय और नाभि आदि भाव मातृज कहलाते हैं। (४५)

दाढ़ी, मूँछ, लोम, केश, स्नायु, शिरा, धमनी, नख, दाँत और शुक्ल ये पितृज भाव हैं। (४६)

शारीरिक विकास, वर्ण, वृद्धि, सुषुप्ति, बल, स्थिति, लोलुपता का अभाव तथा उत्साह आदि भाव रसज हैं। (४७)

इच्छा, द्वेष, सुख, दुख, धर्म, अधर्म, भावना, प्रयत्न, ज्ञान, आयु और इन्द्रिय ये आत्मज भाव हैं। (४८)

इन्द्रिय-भेद

कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा तथा नाक ये पाँच ज्ञानेन्द्रिय हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्ध ये क्रम से इनके (ज्ञानेन्द्रियों के) विषय हैं।

वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ ये कर्मेन्द्रिय हैं। वचन, आदान, गमन, विसर्ग और रत ये क्रम से इनके विषय हैं। मन तथा बुद्धि ये दो अन्तःकरण हैं। सुख और दुःख मन के विषय हैं। स्मृति, भ्रान्ति, विकल्प और अध्यवसाय ये बुद्धि के विषय हैं।

किसी मत में इन्द्रियाँ अभौतिक हैं और किसी मत में भौतिक।

गुण-भेद

सत्वज (स्वभावज) भाव, गुण-भेद से तीन प्रकार के हैं। आस्तिक, शुद्ध तथा धर्माभिरुचि, ये सात्विक भाव हैं। काम, क्रोध, मद आदि राजसी भाव हैं। निद्रा, आलस्य, प्रमाद, आर्ति और छल तामसी भाव हैं। (४९-५५)

सात्म्यज भाव के अन्तर्गत आरोग्य, स्वस्थ-इन्द्रिय एवं अनालस्य आते हैं। शरीर भूतात्मक होने के कारण गुणग्राही है। (५६)

प्राण-भेद

शब्द, श्रोत्र, सुषिरता, पृथक् अवस्थान, सूक्ष्मबोध, तथा बिल(छिद्र) इन गुणों को शरीर आकाश से ग्रहण करता है। स्पर्श, त्वचा, उत्क्षेपण, अवक्षेप,

आकुंचन, प्रसारण, गमन, रूक्षता, प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय ये १० प्राण तथा लाघव, वायु से ग्रहण करता है। (५७--६०)

इन सब में प्राण मुख्य है। यह नाभिकन्द से नीचे स्थित है। मुख, नासिका–छिद्र, नाभि और हृदय-पंकज में इसका विचरण होता है। शब्दोच्चारण, निःश्वास, उच्छ्वास और कास इनका कारण (प्राण) है। (६१)

गुदा, मेढ्, कटि, जंघा, उदर, नाभिकन्द, वंक्षणी, उरु तथा जानु इनमें 'अपान' का निवास है। मूत्र, शौच आदि का त्याग इसका कर्म है।

नेत्र, श्रोत्र, गुल्फ, कटि तथा घ्राण इनमें 'व्यान' स्थित रहता है। प्राण और अपान का ग्रहण, धारण तथा निःसरण इसका कर्म है।

'समान' सम्पूर्ण शरीर में स्थित रहता है, जो ७२ हजार नाड़ियों में विचरण और रस–संचार करता हुआ देह को पुष्ट करता है। (६२-६५)

दोनों पैर, दोनों हाथ तथा शरीर–सन्धियों में 'उदान' रहता है। उन्नयन, उत्क्रमण (मरण) तथा हिचकी आदि इसके कर्म हैं। (६६)

'नाग' आदि पाँच प्राण त्वचा तथा अन्य धातुओं में स्थित रहते हैं। उद्गार,निमेष,क्षुधा,तन्द्रा तथा शोथ आदि क्रम से इनके कार्य हैं। (६७)

लोचन, रूप, पित्त, पाक, प्रकाश, अमर्ष, तीक्ष्णता, उष्ण, ओज, तेज, शूरता, मेधा इन सबको (शरीर) अग्नि से ग्रहण करता है।(६८,६९)

रसना, रस, शीतलता, स्नेह, द्रव, स्वेद, मूत्र आदि, मृदुता इनको जल से ग्रहण करता है। (७०)

घ्राण, गन्ध, स्थैर्य, धैर्य, गौरव, श्मश्रु, केश, नख, दन्त, अस्थि और कर्कश इनको वायु से ग्रहण करता है।

वातादि, धातु और व्योम आदि सभी देह के कारण हैं। (७१)

देह-भेद

सात्विक देह सात प्रकार का होता है। यह ब्रह्मा, इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, ऋषि तथा गन्धर्वों का होता है। (७२)

राजस देह छः प्रकार का होता है। यह पिशाच, राक्षस, असुर, पक्षी, सर्प तथा प्रेतों का होता है। (७३)

तामस (देह) तीन प्रकार का होता है। यह पशु, मत्स्य तथा वृक्षों का होता है। ग्रन्थ-विस्तार के भय से इनके लक्षण यहाँ नहीं कहे जाते। (७४)

पिण्ड के ६ अङ्ग होते हैं—शिर, दो पैर, दो हाथ तथा मध्य। सम्पूर्ण प्रत्यंगों को भी कहता हूँ। (७५)

अंग-प्रत्यंग

सात त्वचा और सात कला होती हैं। ये स्नायु, श्लेष्म तथा जरायु से ढकी होती हैं। जठराग्नि से इनका पाक होता है। धातुओं के मध्य में इनकी स्थिति होती है। ये कठोर एवं धातुओं की सीमा होती हैं। प्रथम त्वचा और कला, मांस को धारण करने वाली होती हैं तथा अन्य रक्त, मेद, श्लेष्म, शकृत्, पित्त और शुक्ल को धारण करती हैं। शिरा, धमनी, स्नायुओंत ये कीच में पंकज कन्द की तरह, मांस में उत्पन्न हो जाते हैं। (७६-७८)

त्वचा, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्ल ये सात धातुएँ हैं। जब जठराग्नि द्वारा पके हुए अन्न से रस बनता है तब उस रस से त्वचा और रक्त का निर्माण होता है। अन्य धातुएँ अपनी-अपनी कोषाग्नि द्वारा रक्तपाक के बाद क्रम से उत्पन्न होती हैं। (८०)

रक्त, श्लेष्मा, आम, पित्त, पक्व-रस, मरुत और मूत्र ये सात आशय हैं। (८१)

स्त्रियों के (शरीर में) आठवाँ गर्भाशय अधिक होता है। शुद्ध कफ और रक्त द्वारा उत्पन्न, पंकज की आकृति वाला हृदय-सुषिर अधोमुख होकर यकृत तथा प्लीहा के मध्य में स्थित है और यह चेतन का स्थान है। जब वह तम से आच्छादित होता है तब वह (पंकज) मुकुलित हो जाता है। जब हृदय-पंकज विकसित होता है तब जीव जागृति का अनुभव करता है।

निद्रा दो प्रकार की होती है—स्वप्न और सुषुप्ति। जब बाह्य इन्द्रियाँ हृदय में लीन हो जायँ और चित्त (मन) जाग्रत अवस्था में

रहता हो तो उसे स्वप्न कहते हैं। यदि मन प्राण में लीन हो जाय तो उसे सुषुप्ति कहते हैं। (८२–८५)

जीव की परमात्मा में लीन-अवस्था को आत्मा का शयन कहते हैं। श्रवण,नेत्र,नासिका,वदन, गुदा और लिंग ये ६ स्रोत बाह्य-मलवाहक हैं। स्त्री के तीन स्रोत अधिक होते हैं—स्तन (दोनों) तथा भग। (८६,८७)

अस्थि, स्नायु, शिरा तथा मांस इनमें १६ जाल स्थित होते हैं। हाथ, पैर, गर्दन तथा लिंग में ६ कूर्चा (ग्रन्थियाँ) होती हैं। (८८)

पृष्ठवंश के दोनों पार्श्व में चार मांस–रज्जु होते हैं। पाँच सीवन होती हैं, दो सिर में तथा बाकी जिह्वा और लिंग में। (८६)

१४ या १८ अस्थि–राशियाँ होती हैं। शरीर में अस्थियों की संख्या ३६० है। (६०)

वलय, कपाल, रुचक, तरुण और नलिका ये ५ प्रकार की अस्थियाँ विद्वानों ने कही हैं। (६१)

धन्वन्तरि ने केवल ३०० अस्थियाँ बताई हैं। अस्थि–संधियाँ २१० बताई हैं। (६२)

कोरका, प्रतरास्तुन्ना, सीवनी, उलूखला, सामुद्गा, मंडला, शंखा-वर्त्ता और वायसतुंडका ये ८ प्रकार की अस्थि-सन्धियाँ मुनिजनों ने बताई हैं। पेशी,स्नायु तथा शिरा-सन्धियाँ दो हजार बताई हैं।(६३,६४)

६०० स्नायु होते हैं। ये ४ प्रकार के कहे गए हैं—प्रतान, सुषिर, कण्डर तथा पृथुल। (६५)

जिस प्रकार अधिक बन्धन में बाँधी गई नौका जल में बोझ धारण कर सकती है, उसी प्रकार स्नायुबद्ध शरीर भी अधिक कार्य (धारण) कर सकता है। (६६)

विद्वानों ने शरीर में स्थित ५०० पेशियाँ बताई हैं। स्त्रियों में ये २० अधिक होती हैं; १० स्तनों में और १० योनि में। इनका विकास यौवनकाल में होता है। दो (पेशियाँ) योनि के अन्दर, दो बाहर और तीन गर्भ-मार्ग को जाने वाली होती हैं। (६७,६८)

योनि, शंख की नाभि के आकार वाली होती है। इसमें तीन आवर्त्त होते हैं। तीसरे आवर्त्त पर पित्त और पक्वाशय के मध्य में गर्भाशय होता है। वहाँ रोहित नाम के मत्स्य के समान शुक्ल-आर्त्तव में प्रवेश करने वाली तीन पेशियाँ प्रच्छादक मानी गई हैं। (९९,१००)

ओज का वाहन करने वाली हृदयाश्रित मूल-शिराएँ १० हैं। अंगुल तथा अंगुलदल और यव तथा यवदल तक जाकर द्रुम दल के समान जब सीवनी विस्तृत होती हैं तब उनके ७०० भेद हो जाते हैं। (१०१-१०३)

शार्ङ्गदेव के कथनानुसार उन (सीवनी) में से २ जिह्वा में स्थित हैं और २ वाणी तथा रस के ज्ञान में कारण हैं। २ घ्राण में, २ दृष्टि में और २ स्रोत में बताई गई हैं। रसवाहिनी धमनी २४ हैं। (१०४-१०५)

इनसे देह की इस प्रकार वृद्धि होती है जैसे कुल्याओं (गूलों) से खेत की। चक्र की नाभि में जैसे आरा होते हैं उसी प्रकार ये सब नाभि में स्थित हैं। (१०६)

१० ऊपर तथा १० नीचे और ४ तिरछी (धमनियाँ) विस्तृत हैं। जो ऊपर गई हैं वे हृदय को प्राप्त होकर पृथक्-पृथक् तीन प्रकार विस्तृत हो जाती हैं। (१०७)

दो-दो (धमनियाँ)वात,पित्त,कफ और रस को निःसृत करती हैं और दो-दो शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्ध को प्राप्त हो जाती हैं। (१०८)

दो-दो (धमनियाँ) भाषण,घोष, निद्रा, बोध तथा रोदन को उत्पन्न करती हैं और दो मनुष्य में शुक्ल और स्त्री में दुग्ध उत्पन्न करती हैं। (१०९)

जो नीचे की ओर गई हैं वे तीन प्रकार की हैं और पृथक् पक्वाशय में स्थित हैं। इनमें से प्रथम १० वातादि को पूर्ववत प्रवृत्त करती हैं।(११०)

दो धमनियाँ भक्षित अन्न को जल के आश्रय से वहन करती हैं। दो-दो जल, मूत्र तथा बल को वहन करती हैं और दो नारी के आर्त्तव को वहन करती हैं। (१११)

दो (धमनियाँ) श्रोतों को और दो स्थूल आँतों से युक्त होकर मल का निष्कासन करती हैं। आठ, स्वेद को बाहर निकालती हैं।

तिरछी (धमनियों) की संख्या बहुत है। इनके मुख्य स्वेद-मुक्ति के लिए रोम-कूपों में स्थित हैं और इन्हीं से लेपन किए हुए रस अन्दर प्रविष्ट हो जाते हैं। (११२-११३)

जीव के मर्मस्थान १०७ हैं। रोम की संख्या साढ़े तीन करोड़ तथा श्मश्रु की तीन लाख है। (११४)

स्रोत, शिरा, श्मश्रु, केश, रोम इन सभी की संख्या ५४ करोड़ साढ़े सड़सठ लाख है। (११५)

अब जलादि का मान बताते हैं। जल १० अंजलि, रस ६ अंजलि, रक्त ८ अंजलि, मल ७ अंजलि, कफ ६ अंजलि, पित्त ५ अंजलि, मूत्र ४ अंजलि, वसा ३ अंजलि, मेद २ अंजलि, मज्जा १ अंजलि तथा शिरोमज्जा-श्लेष्मसार और बल आधी अंजलि है (११६-११८)

यह प्रत्यंगों का संक्षेप से वर्णन है। विस्तारपूर्वक हमारे रचे हुए 'अध्यात्मविवेक' नामक ग्रन्थ में देखना चाहिए। (११९)

चक्र तथा नाड़ियाँ

गुदा और लिंग के मध्य में चार दलों वाला 'आधार' चक्र है। (इसके) ईशान आदि दिक् कोणों में परमानन्द,सहजानन्द,वीरानन्द तथा योगानन्द क्रम से फल हैं। ब्रह्मशक्ति-कुण्डलिनी आधार पंकज (चक्र) पर स्थित है। यदि यह ब्रह्म-रंध्र तक सीधी पहुंच जाय तो मोक्ष प्राप्त हो जाय। छः दलों वाला चक्र स्वाधिष्ठान लिंग मूल में स्थित है। इसके पूर्व आदि दलों में प्रश्रय, क्रूरता, गर्वनाश, मूर्च्छा,अवज्ञा तथा अविश्वास क्रम से फल हैं और यह कामशक्ति का आश्रय है। (१२०-१२३)

नाभि में दस दलों वाला 'मणिपुर' नामक चक्र है। सुषुप्ति, तृष्णा, ईर्ष्या, पिशुणता, लज्जा, भय, घृणा, मोह, कलुषता और विषाद ये पूर्व आदि दलों में स्थित हैं।

हृदय में १२ दल वाला 'अनाहत' नाम का चक्र है जो प्रणवाकृति-शिव का पूजा-स्थान है। निश्चलता, वितर्क, पश्चाताप, आशा, प्रकाश,

चिन्ता, समीहा (अनिष्ट निवृत्ति की इच्छा) समता, दम्भ, विकलता, विवेक और अहंकार ये पूर्व आदि दलों के क्रम से फल बताए हैं।

कंठ में भारती (सरस्वती) का स्थान १६ दल वाला 'विशुद्ध' नामक चक्र है। प्रणव, उद्गीथ, हुँफड, विषड, स्वधा, स्वाहा, नमः, अमृत, सप्त स्वर और विष ये १६ फल (विशुद्ध चक्र के) पूर्व आदि पत्रों (दलों) में स्थित हैं (१२४-१३०)

घण्टिका (जिह्वा मूल) में १२ दल वाला 'ललना' नामक चक्र है। मद, मान, स्नेह, शोक, खेद, लोभ, अरति, सम्भ्रम, ऊर्मि, श्रद्धा, संतोष और दक्षता ये 'ललना' चक्र के पूर्व दलों में फल हैं।

भ्रू-मध्य में तीन दलों वाला 'आज्ञा' नामक चक्र है। यहाँ चक्र से सत्व, रज तथा तम का आविर्भाव है। इसके बाद ६ दलों वाला 'मनश्चक्र' है। इसके पूर्व आदि दलों में स्वप्न, रसोपभोग, घ्राण, रूपोपलम्भन, स्पर्शन और शब्दबोध फल हैं। (१३१-१३५)

इसके बाद १६ दल वाला 'सोम' चक्र है। कृपा, क्षमा, आर्जव, धैर्य, वैराग्य, धृति, सम्मद (हर्ष), हास्य, रोमांच, ध्यानाश्रु, स्थिरता, गाम्भीर्य, उद्यम, निर्मलता, उदारता तथा एकाग्रता ये फल क्रम से पूर्व आदि दलों पर जीव को उपलब्ध होते हैं। (१३६-१३८)

ब्रह्मरन्ध्र में अमृत को धारण करने वाला हजार दलों वाला (सहस्रार) चक्र है। यह सुधा-धाराओं से शरीर का पोषण करता है। (१४६)

अनाहत चक्र के प्रथम, आठवें, ग्यारहवें और बारहवें दल पर स्थित जीव, गीत आदि की सिद्धि को प्राप्त करता है। चौथे, छठवें और दसवें दल पर स्थित होने पर गीत आदि की सिद्धि नष्ट हो जाती है। विशुद्ध चक्र के ८ वें, ९ वें, १० वें, ११ वें, १२ वें, १३ वें, १४ वें तथा १५ वें दल पर स्थित जीव को गीत आदि की सिद्धि उपलब्ध होती है तथा १६ वें दल पर वह (सिद्धि) नष्ट होती है।

ललना चक्र के १० वें तथा ११ वें पत्र (दल) पर स्थित जीव को गीत आदि की सिद्धि प्राप्त हो जाती है। पहले, चौथे तथा पांचवें दल

को (सिद्धि का) नाशक बताया है। ब्रह्मरंध्र में स्थित जीव अमृत-निमग्न जैसा प्रसन्न तथा संतुष्ट होकर गीत आदि की सिद्धि उपलब्ध करे। इन चक्रों के शेष पत्रों पर स्थित जीव, गीत आदि की सिद्धि को कभी उपलब्ध नहीं कर सकता। (१४०-१४४)

आधार-चक्र से २ अंगुल ऊपर और लिंग से २ अंगुल नीचे एक अंगुल प्रमाण का स्वर्ण-वर्ण वाला (चक्र) देह के मध्य प्रदेश में है। वहां एक पतली अग्निशिखा है। उस चक्र से ६ अंगुल दूर देह का कन्द है। वह ऊँचाई तथा लम्बाई में ४ अंगुल प्रमाण वाला है। उसी का नाम पूर्वजों ने ब्रह्मग्रन्थि कहा है। उसके मध्य में १२ दल वाला नाभिचक्र है। वहां यह जीव तन्तुजाल में स्थित मकड़ी की तरह घूमता है। सुषुम्ना से होकर यह ब्रह्मरन्ध्र का आरोहण तथा अवरोहण करता है। प्राण में समहित इस जीव की स्थित रज्जु में विषम-नर्तक की भाँति हो जाती है। (१४५-१४६)

सुषुम्ना के चारों ओर व्याप्त नाड़ियाँ ब्रह्मरंध्र-पर्यन्त ब्रह्म-ग्रन्थि को ग्रथित करके शरीर का विस्तार करती हैं (१५०)

उन नाड़ियों में १४ प्रधान हैं यथा—सुषुम्ना, इडा, पिंगला, कुहू, सरस्वती, गान्धारी, हस्तिजिह्वा, वारुणी, यशस्विनी, विश्वोदरा, शंखिनी, पूषा, पयस्विनी, अलम्बुसा। इनमें प्रथम तीन (नाड़ियाँ) मुख्य हैं। इन तीनों में माया-शक्ति-रूपिणी मुक्तिदाता सुषुम्ना ही श्रेष्ठ है। (१५१-१५३)

उस (ब्रह्मग्रन्थि) के मध्य में क्रम से बायीं तथा दायीं ओर इडा और पिंगला (नाड़ियाँ) स्थित हैं। जब ये चलती हैं तो इन्हें चन्द्र, सूर्य भी कहा जाता है क्योंकि चन्द्रमा और सूर्य की तरह ये भी काल-ज्ञान में कारण हैं। सुषुम्ना, काल का नाश करने वाली है। इसके दोनों ओर क्रम से सरस्वती और कुहू नामक नाड़ियाँ हैं। (१५४,१५५)

इडा के पश्चिम (पीछे) तथा पूर्व (अग्रिम) भाग में गान्धारी और हस्त-जिह्विका तथा इसी प्रकार पिंगला के पश्चिम और पूर्व भाग में पूषा और यशस्विनी नाड़ियाँ स्थित हैं। (१५६)

कुहू और हस्तजिह्वा के मध्य में विश्वोदरा तथा कुहू और यशस्विनी के मध्य में वारुणी नामक नाड़ियाँ स्थित हैं। (१५७)

ऊषा और सरस्वती के मध्य में पयस्विनी तथा गान्धारिका और सरस्वती के मध्य में शंखिनी (नाड़ी) स्थित है। (१५८)

कन्दमध्य में अलम्बुसा नाड़ी है। इन नाड़ियों में इडा और पिंगला क्रम से बायीं तथा सीधी-नासिका-पर्यन्त और कुहू लिंग-पर्यन्त है। (१५९)

सरस्वती जिह्वा-पर्यन्त, गांधारी पृष्ठ-प्रदेश-पर्यन्त, हस्तजिह्वा बाएँ नेत्र से लेकर बाएँ पैर के अँगूठे तक, वारुणी सम्पूर्ण प्रदेश में, यशस्विनी अँगूठा से लेकर दक्षिण पैर तक तथा विश्वोदरा अखिल देह में स्थित रहती है। (१६०-१६१)

शंखिनी बाएँ कान-पर्यन्त, ऊषा दक्षिण नेत्र-पर्यन्त, पयस्विनी दक्षिण कान तक तथा अलम्बुसा गुद-मूल तक स्थित है। (१६२)

मल-संचय से युक्त ऐसे देह में बुद्धिमान लोग उपायों द्वारा भोग-मोक्ष को प्राप्त कर लेते हैं। सगुण ध्यान से भोग और निर्गुण ध्यान से मुक्ति होती है। ध्यान, चित्त की एकाग्रता का परिणाम है जो मनुष्यों के लिए सुलभ नहीं अतः गुरु--उपदिष्ट मार्ग से सहज-उपाय-अनाहत-नाद की उपासना करते हैं। उस अनाहत नाद की उपासना रंजक नहीं इसलिए श्रुति द्वारा अखिल गेय को विस्तार देने वाले लोकरंजक और भवभंजक आहतनाद की उत्पत्ति तथा श्रुति आदि की कारणता का वर्णन करेंगे। (१६३-१६७)

संगीतरत्नाकर के प्रथम

स्वरगत अध्याय में दूसरा पिण्डोत्पत्ति-प्रकरण समाप्त

तीसरा

नाद, स्थान, श्रुति, स्वर, जाति, कुल, देवता, ऋषि, छन्द तथा रस-प्रकरण

नाद

मैं उस आनन्दस्वरूप नादब्रह्म की उपासना करता हूँ जो अद्वितीय, समस्त भूतों में चैतन्य एवं जगत रूप में विवर्तित है। (१)

नादोपासना से ब्रह्मा, विष्णु और महेश स्वयं उपासित होजाते हैं क्योंकि ये उस (नाद) से अभिन्न हैं। (२)

विवक्षमाण आत्मा मन को प्रेरित करता है तथा मन जठराग्नि को ताड़ित करता है। वहाँ ब्रह्मग्रन्थि में स्थित वायु, क्रम से ऊर्ध्व पथ में विचरण करता हुआ नाभि, हृदय, कण्ठ, मूर्द्धा तथा मुख में ध्वनि उत्पन्न करता है। (३–४)

नाद पाँच प्रकार का है यथा—अतिसूक्ष्म, सूक्ष्म, पुष्ट (व्यक्त), अपुष्ट (अव्यक्त) तथा कृत्रिम। यह पाँच स्थानों (नाभि, हृदय, कण्ठ, मूर्द्धा तथा मुख) में स्थित है। (५)

'नकार' शब्द का अर्थ है 'प्राण' और 'दकार' शब्द का अर्थ है 'अग्नि'। प्राण और अग्नि के संयोग से अभिव्यक्त होने के कारण इसे नाद कहते हैं। व्यवहार (गान) में यह तीन प्रकार का कहा जाता है—हृदय में मन्द्र, कण्ठ में मध्य तथा मूर्द्धा में तार; जो उत्तरोत्तर द्विगुण है। (६–७)

श्रुति

इस नाद के २२ भेद हैं जिन्हें 'श्रुति' कहते हैं। हृदय में ऊर्ध्व-नाड़ी (इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना) से संलग्न २२ नाड़ियाँ हैं और इतनी ही तिरछी नाड़ियाँ हैं जिनमें वायु के आघात से उच्च-उच्चतर श्रुतियाँ उत्तरोत्तर उत्पन्न होती हैं। (८–९)

सारणा

इसी प्रकार कण्ठ तथा शिर में भी २२ श्रुतियां हैं। इनको प्रत्यक्ष करने के लिए हम दो वीणाएँ लेते हैं। इन दोनों वीणाओं तथा उनके

नाद में समानता होनी चाहिए। प्रत्येक वीणा में बाईस (बाईस) तार होने चाहिए । इनमें से पहली मन्द्रतम (गंभीरतम) स्वर में मिला लेनी चाहिए तथा दूसरी उससे कुछ ऊँची मिली हो। (प्रथम एवं दूसरे तार की) श्रुतियों (ध्वनियों) के मध्य में अन्य ध्वनि न सुनाई देने के कारण निरंतरता हो। (१०-१२)

वे तंत्रियाँ (तार) उच्चोच्च (उत्तरोत्तर तीव्र) ध्वनि वाली होनी चाहिए। इनसे उत्पन्न नाद श्रुति कहलाता है। दोनों वीणाओं पर स्वरों की स्थापना करनी चाहिए। यहाँ चौथी तंत्री (तार) पर चतुःश्रुति षड्ज, पाँचवीं से तीसरी (अर्थात् आरम्भ से सातवीं) तंत्री (तार) पर त्रिश्रुति ऋषभ, आठवीं से दूसरी (अर्थात् नवीं) तंत्री (तार) पर द्विश्रुतिक गांधार, दसवीं से चौथी (अर्थात् तेरहवीं) तंत्री (तार) पर चतुःश्रुति मध्यम, चौदहवीं से चौथी (अर्थात् सत्रहवीं) तंत्री (तार) पर चतुःश्रुति पंचम, अठारहवीं से तीसरी (अर्थात् बीसवीं) तंत्री (तार) पर त्रिश्रुति धैवत तथा इक्कीसवीं से दूसरी (अर्थात् बाईसवीं) तंत्री (तार) पर द्विश्रुति निषाद की स्थापना करनी चाहिए।

यहां एक वीणा ध्रुवा (अचल) होनी चाहिए और दूसरी चलवीणा हो जिसमें तंत्रियों (तारों) का सारण (यथास्थान खिसकाकर मिलाना) करना चाहिए। (१३-१७)

बुद्धिमानों को इस चलवीणा में सात स्वर (अपने मूल स्थान से) पहले तारों (अर्थात् क्रमशः तीसरे, छठवें, आठवें, बारहवें, सोलहवें, उन्नीसवें और इक्कीसवें) पर ले आना चाहिए। तब इस चलवीणा में ये स्वर ध्रुववीणा के स्वरों की अपेक्षा एक-एक श्रुति उतरे हुए होंगे।

इसी प्रकार अन्य सारणा भी करनी चाहिए। दूसरी सारणा में चलवीणा के गांधार और निषाद दो (दो) श्रुतियों के लय होने से ध्रुववीणा में स्थित ऋषभ और धैवत में क्रमशः प्रविष्ट हो जाते हैं। तीसरी सारणा में (चलवीणा के) ऋषभ-धैवत (ध्रुववीणा के) षड्ज-पंचम में प्रविष्ट हो जाते हैं। चौथी सारणा में (चलवीणा के) षड्ज-मध्यम-पंचम क्रमशः (ध्रुववीणा के) निषाद-गांधार-मध्यम में प्रविष्ट हो जाते हैं।

इस प्रकार इन चारों सारणाओं के परिणाम–स्वरूप ध्रुववीणा की श्रुतियों (अर्थात्–चौथी, सातवीं, नवीं, तेरहवीं, सत्रहवीं, बीसवीं और बाईसवीं) में बाईसों श्रुतियों के लीन होने से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि श्रुतियों की संख्या इतनी (अर्थात् २२) ही है। इसके बाद आकर्षण (तंत्री या स्वर को उतारना) न करे क्योंकि उससे स्वर की रंजकता नहीं रहती। (२१-२२)

स्वर

श्रुतियों से षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत, निषाद ये सात स्वर उत्पन्न होते हैं जिनकी अन्य संज्ञाएँ सा रे ग म प ध नि हैं।

श्रुति के पश्चात उत्पन्न होने वाला स्निग्ध, अनुरणनात्मक, स्वयं–रंजक नाद 'स्वर' कहलाता है। जब चौथी, सातवीं आदि श्रुतियां स्वर की उत्पत्ति में कारण हैं तो अन्य तीसरी आदि श्रुतियों को भी कारण कैसे माना जा सकता है ? (इसका उत्तर यही है कि) पूर्व श्रुतियों की गणना से ही चौथी आदि का निर्धारण संभव हो सकता है इसलिए पूर्व की श्रुतियां भी हेतु (स्वर का कारण) हैं। (२३-२७)

श्रुतिजातियाँ

दीप्ता, आयता, करुणा, मृदु और मध्या ये श्रुतियों की पाँच जातियाँ होती हैं। स्वर पर इन जातियों की स्थिति इस प्रकार है:—

दीप्ता, आयता, मृदु, मध्या—षड्ज
करुणा, मध्या, मृदु —ऋषभ
दीप्ता, आयता, —गान्धार
दीप्ता, आयता, मृदु, मध्या—मध्यम

मृदु, मध्या, आयता, करुणा —पञ्चम
करुणा, आयता, मध्या —धैवत
दीप्ता, मध्या —निषाद

इन जातियों के भेद बताते हैं—

तीव्रा, रौद्री, वज्रिका उग्रा —दीप्ता
कुमुद्वती, क्रोधा, प्रसारिणी, संदीपनी, रोहिणी —आयता
दयावती, आलापिनी, मदन्तिका —करुणा
मन्दा, रति, प्रीति, क्षिति —मृदु
छन्दोवती, रंजनी, मार्जनी, रक्तिका, रम्या, क्षोभिणी—मध्या

स्वरस्थिति

अब स्वर की स्थिति बताते हैं—

तीव्रा, कुमुद्वती, मंदा, छन्दोवती —षड्ज पर स्थित हैं
दयावती, रंजनी, रक्तिका —रिषभ " " "
रौद्री, क्रोधा —गान्धार " "
वज्रिका, प्रसारिणी, प्रीति, मार्जनी—मध्यम " " "
क्षिती, रक्ता, संदीपिनी, आलापिनी—पञ्चम " " "
मदन्ती, रोहिणी, रम्या —धैवत " " "
उग्रा, क्षोभिणी —निषाद " " "

श्रुतिवीणास्वरग्रामबोधिनी

चतुर्थसारणा	तृतीयसारणा	द्वितीयसारणा	प्रथमसारणा	चलवीणा	ध्रुववीणा	श्रुतिसंख्या	श्रुति नाम	श्रुतिजाति	शुद्धस्वर	विकृतस्वर और उनकी श्रुति-संख्या	षड्जग्राम	मध्यमग्राम	[illegible]
०	स	०	०	०	०	१	तीव्रा	दीप्ता		कैशिकनिषाद ३			नि
०	०	स	०	०	०	२	कुमुद्वती	आयता		काकलीनिषाद ४			
रि	०	०	स	०	०	३	मन्दा	मृदु		च्युतषड्ज २			स
०	रि	०	०	स	स	४	छन्दोवती	मध्या	षड्ज	अच्युतषड्ज २	स	स	
ग	०	रि	०	०	०	५	दयावती	करुणा					रि
०	ग	०	रि	०	०	६	रञ्जनी	मध्या					
०	०	ग	०	रि	रि	७	रतिका	मृदु	ऋषभ	विकृतऋषभ ४	रि	रि	
०	०	०	ग	०	०	८	रौद्री	दीप्ता					
म	०	०	०	ग	ग	९	क्रोधा	आयता	गांधार		ग	ग	
०	म	०	०	०	०	१०	वज्रिका	दीप्ता		साधारणगांधार ३			ग
०	०	म	०	०	०	११	प्रसारिणी	आयता		अन्तरगांधार ४			
०	०	०	म	०	०	१२	प्रीति	मृदु		च्युतमध्यम २			म
प	०	०	०	म	म	१३	मार्जनी	मध्या	मध्यम	अच्युतमध्यम २	म	म	
०	प	०	०	०	०	१४	क्षिति	मृदु					
०	०	प	०	०	०	१५	रक्ता	मध्या					
ध	०	०	प	०	०	१६	संदीपनी	आयता		विकृतपञ्चम ३,४		प	प
०	ध	०	०	प	प	१७	आलापिनी	करुणा	पञ्चम		प		
नि	०	ध	०	०	०	१८	मदन्ती	करुणा					ध
०	नि	०	ध	०	०	१९	रोहिणी	आयता					
०	०	नि	०	ध	ध	२०	रम्या	मध्या	धैवत	विकृतधैवत ४	ध	ध	
०	०	०	नि	०	०	२१	उग्रा	दीप्ता					
स	०	०	०	नि	नि	२२	क्षोभिणी	मध्या	निषाद		नि	नि	

(२८-३८)

स्वरप्रकार

ये (सप्त) स्वर मन्द्र, मध्य तथा तार–भेद से तीन प्रकार के हैं। विकृत अवस्था में ये स्वर १२ बताए हैं। (३९)

षड्ज द्विश्रुतिक होकर विकृत हो जाता है और उसके च्युत तथा अच्युत दो भेद हो जाते हैं।

जब निषाद काकली और साधारण हो जाता है तब ये (षड्ज के) दोनों भेद दिखाई पड़ते हैं। (४०)

षड्ज–साधारण होने पर षड्ज की अन्तिम श्रुति को जब ऋषभ ग्रहण करता है तब वह चतुःश्रुति होता हुआ, विकृत कहलाता है। (४१)

विकृत गान्धार के दो भेद होते हैं। मध्यम स्वर के साधारण होने पर जब मध्यम की पहली श्रुति को गान्धार ग्रहण कर लेता है तब वह त्रिश्रुति–विकृत और अन्तर होने पर चतुःश्रुति होता हुआ विकृत कहलाता है। (४२)

विकृत मध्यम, षड्ज की भाँति दो प्रकार का होता है। पंचम, मध्यम–ग्राम में त्रिश्रुति-विकृत होता है और कैशिक (मध्यम साधारण) में मध्यम की अन्तिम श्रुति को प्राप्त होकर चतुःश्रुति–विकृत होता है। धैवत, मध्यम ग्राम में चतुःश्रुति विकृत होता है। (४३,४४)

कैशिक(षड्ज-साधारण) होने पर जब निषाद षड्ज की प्रथम श्रुति पर अवस्थित होता है तब वह त्रिश्रुति-विकृत कहलाता है और जब काकली होता हुआ षड्ज की दो श्रुतियों को ग्रहण कर लेता है तब वह (निषाद) चतुःश्रुति-विकृत कहलाता है। इस प्रकार ये विकृत के १२ भेद हैं। सात स्वरों के साथ ये १९ हो जाते हैं। (४५)

मोर, चातक, बकरा, क्रौंच, कोकिल, मेंढक तथा हाथी ये क्रम से षड्ज आदि (सप्त) स्वरों का उच्चारण करते हैं। (४६)

स्वर चार प्रकार के होते हैं—वादी, सम्वादी, विवादी और अनुवादी। प्रयोग में जिसकी बहुलता हो उसे वादी कहते हैं। जिन दो स्वरों के

मध्य में, आधार-श्रुतियों को छोड़कर १२ अथवा ८ श्रुतियाँ हों तो वे स्वर परस्पर सम्वादी होते हैं।

निषाद और गान्धार अन्य स्वरों के विवादी होते हैं अथवा ऋषभ तथा धैवत के ही विवादी होते हैं अथवा निषाद-गांधार के ऋषभ-धैवत विवादी होते हैं। शेष स्वर अनुवादी होते हैं। (४७-४९)

वादी स्वर राजा कहलाता है। सम्वादी अनुसरण करने के कारण आमात्य (मन्त्री) और विवादी विपरीत होने से शत्रु के समान बताया है। राजा और मन्त्री का अनुसरण करने से अनुवादी सेवक के समान माना गया है। (५०,५१)

षड्ज गान्धार और मध्यम-स्वर देवताओं के कुल में, पंचम पितृ वंश में, ऋषभ और धैवत ऋषिकुल में तथा निषाद असुर वंश में उत्पन्न हुआ है। (५२)

षड्ज मध्यम तथा पंचम ब्राह्मण, ऋषभ तथा धैवत क्षत्रिय, निषाद और गान्धार वैश्य, अन्तर तथा काकली-स्वर शूद्र वर्ण के हैं। (५३)

रक्त, पिंजर (कुछ पीत), स्वर्ण, कुन्द (शुभ्र), असित (कृष्ण), पीत (पीला),कर्बुर (मिश्रित) ये क्रम से सातों स्वरों के वर्ण (रंग) हैं।(५४)

जम्बू, शाक, कुश, क्रौंच, शाल्मली, श्वेत तथा पुष्कर इन द्वीपों में क्रम से षड्ज आदि स्वरों का जन्म जानना चाहिए। (५५)

षड्ज के अग्नि, ऋषभ के ब्रह्मा, गान्धार के चन्द्रमा, मध्यम के विष्णु, पंचम के नारद तथा धैवत-निषाद के द्रष्टा तुम्बुरु हैं।

अग्नि, ब्रह्मा, सरस्वती, महादेव, लक्ष्मीपति, गणेश तथा सूर्य ये क्रम से षड्ज आदि स्वरों के देवता हैं। (५६,५७)

अनुष्टुप, गायत्री, त्रिष्टुप, बृहती, पंक्ति, उष्णिक् तथा जगती ये क्रम से षड्ज आदि स्वरों के छन्द हैं।

षड्ज और ऋषभ का वीर अद्‌भुत तथा रौद्र (रस) में, धैवत का वीभत्स तथा भयानक (रस) में,गान्धार और निषाद का करुण (रस) में तथा मध्यम व पंचम का हास्य और शृङ्गार (रस) में प्रयोग करना चाहिए। (५८,५९)

स्वर वर्ण-कुल आदि प्रदर्शक पट्टिका

स्वर	पशुपक्षी	कुल	वर्ण	रंग	द्वीप	ऋषि	देवता	छंद	रस
षड्ज	मोर	देव	ब्राह्मण	रक्त	जम्बू	अग्नि	अग्नि	अनुष्टुप	वीर, अद्भुत
ऋषभ	चातक	ऋषि	क्षत्रिय	पिंजर	शाक	ब्रह्मा	ब्रह्मा	गायत्री	तथा रौद्र
गांधार	बकरा	देव	वैश्य	स्वर्ण	कुश	चन्द्रमा	सरस्वती	त्रिष्टुप	करुण
मध्यम	क्रौंच	देव	ब्राह्मण	कुन्द	क्रौंच	विष्णु	महादेव	बृहती	हास्य तथा
पंचम	कोकिल	पितृ	ब्राह्मण	कृष्ण	शाल्मली	नारद	विष्णु	पंक्ति	शृङ्गार
धैवत	मेंढक	ऋषि	क्षत्रिय	पीत	श्वेत	तुम्बुरु	गणेश	उष्णिक्	वीभत्स व भयानक
निषाद	हाथी	असुर	वैश्य	मिश्रित	पुष्कर	तुम्बुरु	सूर्य	जगती	करुण

संगीतरत्नाकर के प्रथम
स्वरगत अध्याय में नाद, स्थान, श्रुति, स्वर, जाति, कुल, देवता, ऋषि, छन्द तथा रस नामक तीसरा प्रकरण समाप्त

चौथा

ग्राम, मूर्च्छनाक्रम, तान-प्रकरण

ग्राम

मूर्च्छना आदि का आश्रय स्वरसमूह 'ग्राम' कहलाता है। लोक में ये दो हैं—पहला षड्जग्राम तथा दूसरा मध्यमग्राम। इनके लक्षण कहे जाते हैं:—

पंचम जब अपनी चौथी श्रुति पर स्थित होता है तो 'षड्जग्राम' कहलाता है और जब वह (पंचम) अपनी उपान्त्य (तीसरी) श्रुति पर स्थित होता है तो उसे 'मध्यमग्राम' कहते हैं। अथवा, षड्जग्राम में धैवत त्रिश्रुति और मध्यम (ग्राम) में चतुःश्रुति होता है। (१,३)

ऋषभ और मध्यम की एक-एक श्रुति पर गांधार स्थित होजाय, पंचम की श्रुति पर धैवत और धैवत तथा षड्ज की श्रुति पर निषाद स्थित होजाय तो वह 'गांधार-ग्राम' कहलाता है, ऐसा मुनि नारद ने बताया है। यह ग्राम स्वर्गलोक में प्रचलित है, पृथ्वी पर नहीं। (४ ५)

षड्ज प्रारम्भिक एवं मुख्य स्वर है और इसके सम्वादी स्वर अधिक हैं, मध्यम स्वर अविलोपी है (इसका षाडव तथा औडुव में लोप नहीं होता), गांधार देवकुल में उत्पन्न होने से स्वर्गलोक में स्वरों का अग्रणी माना गया है अतः तीन (षड्ज, मध्यम तथा गांधार) ही ग्राम हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर क्रम से इन तीनों के देवता हैं। हेमन्त, ग्रीष्म तथा वर्षा में कल्याण के इच्छुक मनुष्यों को पूर्वाह्न, मध्याह्न तथा अपराह्न में इनका यथाक्रम गान करना चाहिए। (६,८)

मूर्च्छना

सात स्वरों का क्रम से आरोहण और अवरोहण 'मूर्च्छना' कहलाता है। ये दोनों ग्रामों (षड्ज तथा मध्यम) में सात-सात हैं। (९)

षड्जग्राम में पहली मूर्च्छना उत्तरमन्द्रा, दूसरी रजनी, तीसरी उत्तरायता, चौथी शुद्धषड्जा, पाँचवीं मत्सरीकृता, छठवीं अश्वक्रान्ता और सातवीं अभिरुद्गता है। (१०)

मध्यमग्राम में क्रमशः सौवीरी, हारिणाश्वा, कलोपनता, शुद्धमध्या, मार्गी, पौरवी तथा हृष्यका मूर्च्छनाएँ हैं। (११)

इनके लक्षण बताते हैं:—

मध्यस्थान पर स्थित षड्ज से षड्जग्राम की पहली उत्तरमन्द्रा मूर्च्छना उत्पन्न होती है और अन्य ६ मूर्च्छनाएँ क्रम से निषाद आदि मन्द्र-स्थानीय स्वरों से उत्पन्न होती हैं। (१२)

मध्यम ग्राम की पहली सौवीरी मूर्च्छना मध्यस्थान (वीणा के मध्य में स्थित अर्थात् मेरु और घुड़च के ठीक बीच में तार पर निकलने वाला स्वर) पर स्थित मध्यम से प्रारम्भ होती है। अन्य ६ मूर्च्छनाएँ मध्यम से नीचे स्थित गांधार इत्यादि स्वरों से (अवरोह क्रम से) प्रारम्भ होती हैं। अन्य मत में षड्ज के स्थान पर स्थित निषादादि स्वर से रजनी इत्यादि मूर्च्छनाएँ प्रारम्भ होती हैं तथा मध्यम के स्थान पर स्थित गांधार इत्यादि स्वर से हारिणाश्वा इत्यादि मूर्च्छनाएँ प्रारम्भ होती हैं। (१३,१४)

षड्जादि और मध्यमादि स्वरों का ऊपर की ओर (आरोह क्रम से) सारण करे। (अर्थात् रजनी इत्यादि में षड्ज के स्थान पर स्थापित निषाद इत्यादि स्वरों एवं हारिणाश्वा इत्यादि में षड्ज के स्थान पर स्थापित गांधार इत्यादि स्वरों के पश्चात् षड्ज इत्यादि और मध्यम इत्यादि स्वरों की 'सारणा' करे; तात्पर्य यही है कि उन-उन स्वरों को उन-उनकी संख्या के अनुसार श्रुत्यन्तरों तक पहुंचाकर स्थापित करे। (१५)

ये मूर्च्छनाएँ (प्रत्येक) चार प्रकार की हैं—शुद्धा, काकलीसहिता, सान्तरा तथा अन्तर काकली सहिता। इस प्रकार इनकी संख्या ५६ बताई है। (१६)

जब निषाद, षड्ज की दो श्रुतियों को ग्रहण करले तो वह (चतुःश्रुति होकर) 'काकली' कहलाता है और जब गांधार, मध्यम की दो श्रुतियों को ग्रहण कर लेता है तो वह (चतुःश्रुति होकर) 'अन्तर' कहलाता है। (१७)

दोनों ग्रामों में षड्ज तथा मध्यम की जितनी संख्या है उसी संख्या वाली मूर्च्छना जाननी चाहिए (अर्थात्–यदि किसी मूर्च्छना में षड्ज दूसरी संख्या पर स्थित हो तो उस मूर्च्छना को षड्जग्राम की दूसरी मूर्च्छना जानना चाहिए और इसी प्रकार मध्यमग्राम की मूर्च्छनाएँ मध्यम स्वर की संख्या से जाननी चाहिए)। (१८)

पहले दूसरे इत्यादि स्वर के आरम्भ से एक–एक मूर्च्छना सात–सात प्रकार की हो जाती है। इनमें अन्तिम स्वरों का उच्चारण करके फिर क्रम से पूर्व स्वरों का उच्चारण करे। ये मूर्च्छना–भेद कुल ३६२ हैं।

यक्ष, राक्षस, नारद, ब्रह्मा, नाग, अश्विनीकुमार और वरुण ये क्रम से षड्जग्राम की मूर्च्छनाओं के देवता हैं।

ब्रह्मा, इन्द्र, वायु, गन्धर्व, सिद्ध, शिव तथा सूर्य ये क्रम से मध्यम-ग्राम की मूर्च्छनाओं के देवता हैं। (१९–२१)

मुनि नारद ने इन मूर्च्छनाओं के अन्य नाम बताए हैं। षड्जग्राम में पहली मूर्च्छना उत्तरवर्णा फिर क्रम से अभिरुद्गता, अश्वक्रान्ता, सौवीरी, हृष्यका, उत्तरायता तथा रजनी ये सात मूर्च्छनाएँ बताई हैं। मध्यम ग्राम की मूर्च्छनाएँ क्रम से आप्यायनी, विश्वकृता, चन्द्रा, हेमा, कपर्दिनी, मैत्री तथा चान्द्रमसी हैं। गांधार ग्राम की मूर्च्छनाएँ क्रम से नन्दा, विशाला, सुमुखी, चित्रा, चित्रवती, सुखा तथा आलापा ये सात हैं। इनका प्रयोग स्वर्ग में होता है अतः इनके लक्षण नहीं बताए हैं। (२२–२६)

मूर्च्छनानामबोधिनी

षड्जग्राम

भरतमत								नारदमत
उत्तरमन्द्रा	४ स	३ रि	२ ग	४ म	४ प	३ ध	२ नि	उत्तरवर्णा
रजनी	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	४ प	३ ध	अभिरुद्‌गता
उत्तरायता	३ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	४ प	अश्वक्रान्ता
शुद्धषड्जा	४ प	३ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	सौवीरी
मत्सरीकृता	४ म	४ प	३ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	हृष्यका
अश्वक्रान्ता	२ ग	४ म	४ प	३ ध	२ नि	४ स	३ रि	उत्तरायता
अभिरुद्‌गता	३ रि	२ ग	४ म	४ प	३ ध	२ नि	४ स	रजनी

मध्यमग्राम

भरतमत								नारदमत
सौवीरी	४ म	३ प	४ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	आप्यायनी
हारिणाश्वा	२ ग	४ म	३ प	४ ध	२ नि	४ स	३ रि	विश्वकृता
कलोपनता	३ रि	२ ग	४ म	३ प	४ ध	२ नि	४ स	चन्द्रा
शुद्धमध्या	४ स	३ रि	२ ग	४ म	३ प	४ ध	२ नि	हेमा
मार्गी	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	३ प	४ ध	कपर्दिनी
पौरवी	४ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	३ प	मंत्री
हृष्यका	३ प	४ ध	२ नि	४ स	३ रि	२ ग	४ म	चान्द्रमसी

गांधारग्राम

								नारदमत
	४ ग	३ म	३ प	३ ध	४ नि	३ स	२ रि	नन्दा
	२ रि	४ ग	३ म	३ प	३ ध	४ नि	३ स	विशाला
	३ स	२ रि	४ ग	३ म	३ प	३ ध	४ नि	सुमुखी
	४ नि	३ स	२ रि	४ ग	३ म	३ प	३ ध	चित्रा
	३ ध	४ नि	३ स	२ रि	४ ग	३ म	३ प	चित्रवती
	३ प	३ ध	४ नि	३ स	२ रि	४ ग	३ म	सुखा
	३ म	३ प	३ ध	४ नि	३ स	२ रि	४ ग	आलापा

तान

शुद्ध मूर्च्छनाओं के षाडव तथा औडुव होने से शुद्ध तानों की उत्पत्ति होती है। षड्जग्राम की मूर्च्छनाएँ यदि क्रमपूर्वक षड्ज, ऋषभ, पंचम तथा निषाद से हीन हो जायँ तो ये २८ तानें हो जाएँगी। मध्यमग्राम में जब सात मूर्च्छनाएँ क्रम से षड्ज, ऋषभ तथा गांधार से हीन हो जायँ तो २१ तानें हो जायँगी। ये दोनों ग्राम की षाडव-तानें कुल ४९ हैं। (२७,२८)

जब षड्जग्राम की मूर्च्छनाएँ षड्ज-पंचम, गान्धार-निषाद तथा ऋषभ-पंचम से हीन हो जाएँगी तो २१ औडुव तानें बन जाएँगी। मध्यमग्राम की मूर्च्छनाएँ ऋषभ-धैवत तथा गान्धार-निषाद के हीन होने पर १४ औडुव तानें हो जायेंगी। इस प्रकार दोनों ग्रामों की कुल औडुव तानें ३५ हैं तथा कुल औडुव-षाडव तानें मिलकर ८४ हुईं। (२९-३१)

सम्पूर्ण और असम्पूर्ण मूर्च्छनाओं को यदि व्युतिक्रम से कहा जाय तो उससे कूट-तानों की उत्पत्ति होती है। उनकी संख्या हम कहते हैं। (३२)

एक-एक मूर्च्छना में क्रम से पूर्ण कूटतान ५०४० हैं। अब समस्त मूर्च्छनाओं की कूट-तान-संख्या बताते हैं।

५०४० कूटतानों में ५६ मूर्च्छना-भेदों का गुणा करने से २८२२४० (दो लाख बयासी हजार दो सौ चालीस) पूर्ण कूट-तानों की निष्पत्ति होती है। अब अपूर्ण कूटतानों को कहेंगे।

दोनों ग्रामों में जो पूर्ण मूर्च्छनाएँ हैं उनमें एक-एक अन्तिम स्वर के अपकर्ष से षट्स्वर आदि ६ भेद हो जाते हैं। यहाँ नष्ट आदि की सिद्धि के लिए एक स्वर-भेद भी कहा है। कूटतानों में क्रम का उपयोग है अतः कूटतान न होने पर भी यहाँ क्रम बताए हैं। (३३-३६)

षाडव-क्रम के प्रस्तार करने पर ७२० तथा औडुव-प्रस्तार करने पर प्रति मूर्च्छना १२० भेद उत्पन्न होते हैं। चार स्वरों के प्रस्तार में २४, तीन स्वरों के प्रस्तार में ६, दो स्वरों के प्रस्तार में २ तथा एक स्वर के प्रस्तार में १ भेद होता है। (३७,३८)

एक स्वर को आर्चिक, द्विस्वर को गाथिक, त्रिस्वर को सामिक और चतुःस्वर को स्वरांतर कहते हैं।

निषाद-गांधार-युक्त शुद्धादि ४ भेद हमने बताए हैं। इनमें एक-एक हीन, दो मूलक्रम बताए हैं (अर्थात् निषादहीन शुद्ध सान्तर तथा गांधारहीन शुद्ध-काकली)। (३९,४०)

दोनों ग्राम की मूर्च्छनाओं में दो भेद षड्ज आदि (निषादहीन होने से शुद्ध और सान्तर) तथा दो भेद मध्यम आदि (गांधारहीन होने से शुद्ध और काकली) होते हैं। ये चारों (षड्ज आदि दो भेद तथा मध्यम आदि दो भेद) प्रत्येक दो-दो प्रकार के होते हैं तथा अन्य दस, चार प्रकार के होते हैं। इस प्रकार ये सब ४८ होते हैं।

पहले जो ७२० भेद बताए हैं उनमें इन ४८ का गुणा करने से ३४५६० हो जाते हैं। (४१,४२)

यह षाडव-संख्या बताई। अब पंचस्वर (औडुव) भेद को कहेंगे।

दो गांधार आदि, दो धैवत आदि तथा दो निषाद आदि ये ६ औडुव-भेद ४ प्रकार के हैं। अन्य ८ भेद २ प्रकार के हैं। इस प्रकार ये औडुव-भेद ४० प्रकार के हैं। प्रत्येक क्रम में १२० भेद होंगे अतः इसमें ४० का गुणा करने से ४८०० औडुव-भेद होते हैं। चतुःस्वरों में निषादादि २ भेद चार-चार प्रकार के होते हैं। अन्य १२ भेद दो प्रकार के होते हैं। इस प्रकार ये ३२ भेद होते हैं। प्रत्येक क्रम में २४ भेद होते हैं। अतः २४ से गुणा कर देने पर ७६८ चतुःस्वर-भेद होगए। (४३-४६)

त्रिस्वरों में मध्यमादि २ भेद होते हैं जिनका और भेद नहीं होता। अन्य १२ भेद दो प्रकार के होते हैं। इस प्रकार २६ त्रिस्वर-भेद होगए। प्रतिक्रम ६ भेद होते हैं अतः ६ का गुणा करने पर १५६ त्रिस्वर-भेद हुए।

द्विस्वरों में दो-दो ऋषभादि, गांधारादि, धैवतादि तथा निषादादि ये ८ भेद, दो प्रकार के होते हैं तथा अन्य (छै) भेद शुद्ध

(सान्तरादि भेद रहित) हुए । प्रत्येक क्रम के दो भेद होते हैं अतः दो से गुणा करने पर ४४ द्विस्वर भेद हुए । एक स्वर-भेद-रहित होने से उसके मूल १४ भेद ही हैं ।

मध्यमग्राम में जो चौथी मूर्च्छना षड्जादि-शुद्धमध्या है उसके चतुःस्वर दो क्रम हैं जिनके पंचम के बिना ४८ भेद बताए हैं ।

त्रिस्वर के जो दोनों क्रम हैं उनके १२ भेद बताए हैं तथा द्विस्वर में दो और एक (स्वर) में एक (भेद) बताया है । ये सब ६३ भेद हुए ।

इसके बाद कूटतान सहित उत्तरमन्द्रा के भेद बताए हैं । इसके बाद निषादादि मार्गी मूर्च्छना के क्रम बताए हैं । इसमें पंच-स्वर चार क्रम हैं । इनके भेद ४८० कहे हैं । चतुःस्वर सम्बन्धी ९६ भेद बताए हैं । त्रिस्वर सम्बन्धी दोनों क्रमों के १२ भेद तथा द्विस्वर सम्बन्धी दोनों क्रमों के ४ भेद और एक-स्वर-सम्बन्धी १ भेद बताया है । ये ५९३ भेद हुए जो रजनीगत-तान-भेदों से भिन्न नहीं हैं । (४७-५४)

धैवतादि पौर्वी (मूर्च्छना) के ६ स्वरों के ४ क्रम बताए हैं । इनके भेद २८८० बताए हैं । पौर्वी के जो औडुव चार क्रम बताए—चतुः स्वर, त्रिस्वर, द्विस्वर तथा एक स्वर । इन सबकी संख्या मिलकर ३४२५ होगी जो उत्तरायता मूर्च्छना के साथ पुनरुक्त होगी । इस प्रकार कूटतानों की कुल संख्या ४०८१ होती है जो पूर्ण-अपूर्ण क्रम (५७१, कारण कि यह कूटतान नहीं हैं) सहित पुनरुक्त कही जा सकेंगी और पुनरुक्त कूटतानों सहित संख्या को कुल संख्या (३२२५८२) में से घटा देने पर (३२२५८२—४६५२=३१७९३०) सर्वसंभावित कूटतानों की संख्या होती है, जिसे समझने की युक्ति कहता हूँ ।

एक से लेकर सात तक क्रमशः ऊर्ध्व-ऊर्ध्व (उत्तरोत्तर उच्च) संख्या लिखे । प्रथम अंक से उससे आगे वाले अंक का गुणा करता जाय (जैसे १×२×३ ×४=२४) तो प्रति-मूर्च्छना की एक-स्वरादि-तानों की संख्या निकल आएगी ।

प्रस्तार

स्वरों के क्रम में प्रथम स्वर के नीचे उससे पूर्व का स्वर रक्खा जाता है लेकिन वह उसी स्थिति में जब कि वह ऊपर-अङ्कित-स्वर के

सीधी ओर स्थित न हो। यदि वह स्वर सीधी ओर मौजूद हो तो फिर उससे पूर्व का स्वर स्थापित करेंगे और यदि वह स्वर भी सीधी ओर मौजूद हो तो उससे भी पूर्व का स्वर स्थापित करेंगे। यदि उससे पूर्व कोई स्वर न हो तो उस स्थान पर बिन्दु रख देंगे। अन्य स्वरों को ज्यों का त्यों उतार दिया जाता है। अन्तर केवल इतना ही है कि नवीन स्थापित स्वर के सीधी ओर (ऊपर) वाले स्वरों को तो ज्यों का त्यों उतार दिया जाता है और बायीं ओर बिन्दुओं के स्थान पर बचे हुए स्वरों को मूल क्रम से रख दिया जाता है। जैसे—यदि किन्हीं बिन्दुओं के स्थान पर बाकी बचे हुए स्वर "म स ग" रखने हैं तो उन्हें "स ग म" इस क्रम से रक्खेंगे। इसी को 'प्रस्तार' कहते हैं।

प्रस्तार-सिद्धान्त

मान लीजिये हमें स रि ग म इन चार स्वरों के प्रस्तार बनाने हैं। सर्वप्रथम स रि ग म को एक स्थान पर लिख लेंगे। अब स के नीचे एक बिन्दु रख देंगे (जैसे स़ रि ग म) क्योंकि स से पूर्व अन्य कोई स्वर नहीं है। अब रि के नीचे स लिखेंगे (जैसे स रि ग म) क्योंकि रि से पूर्व
स

स होता है। अब ग और म को ज्यों का त्यों उतार देंगे (जैसे स़ रि ग म)
स ग म

इसके बाद बिन्दु वाले स्थान पर (अर्थात् स के नीचे) बाकी बचा हुआ स्वर रि लिख देंगे (जैसे स रि ग म) इस प्रकार स रि ग म
रि स ग म

इन चार स्वरों से हमारा एक प्रस्तार रि स ग म बन गया।

अब इसी सिद्धान्त के आधार पर रि स ग म से अगला प्रस्तार बनायेंगे। रि से पूर्व स स्वर होता है परन्तु रि स ग म प्रस्तार में स स्वर रि के सीधी ओर मौजूद है अतः रि के नीचे एक बिन्दु रख देंगे (जैसे रि़ स ग म)। अब स के नीचे भी एक बिन्दु रख देंगे (जैसे रि़ स़ ग म) क्योंकि स से पूर्व कोई स्वर नहीं होता। अब ग के

नीचे रि रक्खेंगे (जैसे रि स ग म) क्योंकि गान्धार से पूर्व ऋषभ
रि

होता है। अब म को ज्यों का त्यों उतार देंगे (जैसे रि स ग म)।
रि म

अब बाकी बचे हुए ग और स स्वरों को क्रमपूर्वक (अर्थात 'स ग' इस स्थिति में) रि स के नीचे बिन्दुओं के स्थान पर रख देंगे जैसे (रि स ग म) इस प्रकार स ग रि म तीसरा प्रस्तार बन गया।
स ग रि म

अब चौथा प्रस्तार बनाना है अतः तीसरे प्रस्तार स ग रि म में स के नीचे फिर एक बिन्दु रख देंगे (जैसे स ग रि म) क्योंकि स से पूर्व अन्य किसी स्वर की स्थिति है नहीं। अब ग के नीचे उससे पूर्व का स्वर (जो कि रिषभ होता है) रक्खेंगे परन्तु रि इस स ग रि म प्रस्तार में ग के सीधी ओर मौजूद है अतः ग के नीचे रि को न रखकर रि से पूर्व के स्वर (जो कि स होता है) षड्ज को ग के नीचे रख देंगे (जैसे स ग रि म) अब सीधी ओर के रि और म स्वरों को ज्यों का
स

त्यों उतार देंगे (जैसे स ग रि म)। अब बाकी बचे स्वर ग को बायीं
स रि म

ओर बिन्दु के स्थान पर रख देंगे (जैसे स ग रि म)। इस प्रकार
ग स रि म

ग स रि म चौथा प्रस्तार बन गया।

अब पाँचवाँ प्रस्तार बनाना है अतः ग के नीचे उससे पहला स्वर रि रक्खेंगे लेकिन रि सीधी ओर को मौजूद है अतः रि से पूर्व के

स्वर स को रक्खेंगे, लेकिन स भी सीधी ओर को मौजूद है और स से पूर्व कोई स्वर होता नहीं अतः ग के नीचे बिन्दु रख देंगे (जैसे ग़ स रि म) अब स के नीचे भी एक बिन्दु रक्खेंगे (जैसे ग़ स़ रि म) क्योंकि स से पूर्व कोई स्वर होता नहीं। अब रि के नीचे स रक्खेंगे (जैसे ग़ स़ रि म
स) क्योंकि रि से पूर्व स होता है और रि से सीधी ओर को वह है नहीं। अब सीधी ओर को बचे हुए स्वर म को ज्यों का त्यों उतार देंगे (जैसे ग़ स़ रि म
स म) अब बाकी बचे हुए रि ग स्वरों को ग स के नीचे रख देंगे (जैसे ग स रि म) इस प्रकार रि ग स म
रि ग स म
पाँचवाँ प्रस्तार बन गया।

अब छठवाँ प्रस्तार बनाने के लिए पूर्व सिद्धान्त के अनुसार रि के नीचे बिन्दु रख देंगे (जैसे रि़ ग स म) फिर ग के नीचे रि रक्खेंगे (जैसे रि़ ग स म
रि) अब स और म को ज्यों का त्यों उतार कर बाकी बचे हुए स्वर ग को रि के नीचे रख देंगे (जैसे रि ग स म)
ग रि स म

अब सातवाँ प्रस्तार बनाने के लिए ग के नीचे बिन्दु रक्खेंगे क्योंकि ग रि स म प्रस्तार में ग के सीधी ओर ग से पूर्व का स्वर रि और रि से पूर्व का स्वर स दोनों ही मौजूद हैं। अब रि के नीचे भी एक बिन्दु रख देंगे क्योंकि रि से पूर्व का स्वर स, रि से सीधी ओर मौजूद है। अब स के नीचे भी एक बिन्दु रख देंगे (जैसे ग़ रि़ स़ म) क्योंकि स से पूर्व कोई स्वर होता नहीं। अब म के नीचे ग रख देंगे (जैसे ग़ रि़ स़ म
ग) क्योंकि गान्धार, मध्यम से पूर्व का स्वर होता है। अब बाकी बचे

हुए स रि म स्वरों को क्रम से ग रि स के नीचे बिन्दुओं के स्थान पर रख देंगे (जैसे ग रि स म)।

स रि म ग

इस प्रकार अब तक हमारे सात स्वर-प्रस्तार यह बन गए—

(१)	स	रि	ग	म
(२)	रि	स	ग	म
(३)	स	ग	रि	म
(४)	ग	स	रि	म
(५)	रि	ग	स	म
(६)	ग	रि	स	म
(७)	स	रि	म	ग

इसी सिद्धन्त के अनुसार आगे २४ तक विभिन्न स्वर-प्रस्तार बनते जाएँगे क्योंकि दो स्वरों से (१×२=२) दो स्वर-प्रस्तार बन सकते हैं, तीन स्वरों से (१×२×३=६) छः और चार स्वरों से (१×२×३×४=२४) चौबीस स्वर-प्रस्तार बन सकते हैं।

इसी प्रकार पाँच स्वरों से (१×२×३×४×५=१२०) एक-सौ-बीस, छः स्वरों से (१×२×३×४×५×६=७२०) सात-सौ-बीस और सात स्वरों से (१×२×३×४×५×६×७=५०४०) पाँच-हजार-चालीस विभिन्न स्वर-प्रस्तार बन सकते हैं। जिन स्वरों के भी प्रस्तार बनाने हों उन्हें उपर्युक्त सिद्धान्त के ही आधार पर सुगमता-पूर्वक बनाया जा सकता है।

खण्डमेरु

ऐसी सात पंक्तियाँ लिखनी चाहिए जिसके आदि में सात कोष्ठ(खाने) हों और अन्त में एक कोष्ठ हो (अर्थात् प्रथम पंक्ति में सात खाने बनेंगे, दूसरी में ६, तीसरी में ५, चौथी में ४, पाँचवीं में ३, छठवीं में २ और सातवीं पंक्ति में १ खाना बनेगा इस प्रकार क्रम से एक-एक खाना छूटता जायगा)। पहली जो ७ कोष्ठों वाली पंक्ति है उसमें पहले कोष्ठ में १ अंक और अन्यों में शून्य लिखे। तान (त्रिस्वर, चतुःस्वर आदि)

के जितने स्वर हों उतनी ही संख्या में प्रथम पंक्ति के कोष्ठों में चिह्न या बिन्दु (शास्त्र की भाषा में कंकड़ या लोष्टक) रखदे।

उन पंक्तियों में से पहली पंक्ति के पहले कोष्ठ में एक का अंक लिखे। शेष कोष्ठों में शून्य लिखे। अब जिस तान के सम्बन्ध में ज्ञात करना है वह तान जितने स्वर की हो उतनी ही संख्या में प्रथम पंक्ति के कोष्ठों में लोष्ठक अर्थात् चिह्न रख दे।

प्रथम पंक्ति के पहले कोष्ठ में एक का अंक रखे और अवशिष्ट (छः) कोष्ठों में शून्य रखता जाय। अब प्रथम तथा द्वितीय पंक्तियों के प्रथम कोष्ठों के अङ्कों का जो संयोग है (१+१=२) उसे द्वितीय पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में रखे। इसका दुगुना करके (२×२=४) तृतीय पंक्ति के पहले कोष्ठ में रखे। अब तीनों पंक्तियों के प्रथम कोष्ठों के अङ्कों का संयोग करके (१+१+४=६) द्वितीय पंक्ति के तीसरे कोष्ठ में रखे। इसका दुगुना करके (६×२=१२) तृतीय पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में और तिगुना करके (६×३=१८) चतुर्थ पंक्ति के प्रथम कोष्ठ में रखे। अब चारों पंक्तियों के प्रथम कोष्ठों के अङ्कों का योग (१८+४+१+१ =२४) द्वितीय पंक्ति के चतुर्थ कोष्ठ में रखे। इसका दुगुना करके (२४×२=४८) तृतीय पंक्ति के तीसरे कोष्ठ में तथा तिगुना करके (२४×३=७२) चतुर्थ पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में और इसका चौगुना करके (२४×४=९६) पंचम पंक्ति के प्रथम कोष्ठ में रखे। अब इन पाँचों पंक्तियों के प्रथम कोष्ठों के अङ्कों का योग (९६+१८+४+१+ १=१२०) द्वितीय पंक्ति के पांचवें कोष्ठ में रखे। इसके उपरान्त इसका दुगुना (१२०×२=२४०) तृतीय पंक्ति के चौथे कोष्ठ में, तिगुना करके (१२०×३=३६०) चतुर्थ पंक्ति के तीसरे कोष्ठ में, चौगुना करके (१२०×४=४८०) पंचम पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में, पाँच गुना करके (१२०×५=६००) छठवीं पंक्ति के पहले कोष्ठ में लिखे। अब छःओं पंक्तियों के प्रथम कोष्ठों के अङ्कों का योग (६००+९६+१८+ ४+१+१=७२०) द्वितीय पंक्ति के छठवें कोष्ठ में लिखे। इसका दुगुना करके (७२०×२=१४४०) तीसरी पंक्ति के पाँचवें कोष्ठ में, तिगुना करके (७२०×३=२१६०) चौथी पंक्ति के चौथे कोष्ठ में, चौगुना करके (७२०×४=२८८०) पाँचवीं पंक्ति के तीसरे कोष्ठ में, पाँचगुना

करके (७२०×५=३६००) छठवीं पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में छः गुना करके (७२०×६=४३२०) सातवीं पंक्ति के प्रथम कोष्ठ में लिखे। यही 'खण्डमेरु' कहलाता है।

खण्डमेरु की आकृति

	स	रि	ग	म	प	ध	नि
प्रथम पंक्ति	१	०	०	०	०	०	०
दूसरी पंक्ति		१	२	६	२४	१२०	७२०
तीसरी पंक्ति			४	१२	४८	२४०	१४४०
चौथी पंक्ति				१८	७२	३६०	२१६०
पांचवीं पंक्ति					९६	४८०	२८८०
छठवीं पंक्ति						६००	३६००
सातवीं पंक्ति							४३२०

खण्डमेरु के प्रयोग द्वारा तान-ज्ञान

खण्डमेरु निम्नांकित तानों को खोजने में सहायक होता है:—

(१) उद्दिष्ट तान—किसी दी हुई तान का स्वरप्रस्तार में क्रम ज्ञात करना।

(२) नष्ट तान—स्वरप्रस्तार में किसी दी हुई क्रमसंख्या की तान का स्वरूप ज्ञात करना।

यहाँ हम एक-एक को क्रम से लेंगे।

(१) मान लीजिये यह ज्ञात करना है कि स्वर-प्रस्तार के अनुसार 'म ग सा रि' की अनुबन्ध-संख्या क्या है? सर्वप्रथम हमें यह देखना चाहिये कि इस तान में जो स्वर प्रयुक्त हुए हैं उनका मूल क्रम इस प्रकार है—सा रि ग म।

अब क्योंकि 'म ग सा रि' उद्दिष्ट-तान चार स्वरों की है अतः हम खण्ड-मेरु की प्रथम पंक्ति के चौथे कोष्ठ पर अँगुली रखेंगे और क्योंकि उद्दिष्ट तान के अन्तिम स्वर रे का मूल क्रम के अन्तिम स्वर म से तीसरा स्थान है अतः अपनी अँगुली को नीचे की ओर तृतीय पंक्ति तक ले आयेंगे जहाँ १२ का अंक लिखा हुआ है। इस संख्या को अलग एक स्थान पर लिख लेना चाहिए। अब हमारे पास उद्दिष्ट तान के तीन स्वर 'म ग सा' शेष रहे। इसमें अन्तिम स्वर 'सा' का इनके मूल क्रम 'सा ग म' में 'म' से तीसरा स्थान है अतः पुनः खण्ड-मेरु की प्रथम पंक्ति के तीसरे कोष्ठ में अँगुली रखकर नीचे की ओर तृतीय पंक्ति में जहाँ चार का अंक लिखा है वहाँ तक ले आयेंगे। यह चार की संख्या भी अलग लिख लेंगे। अब केवल दो स्वर शेष रहे 'म ग'। मूल क्रम 'ग म' में म से ग का स्थान दूसरा है अतः खण्ड-मेरु की प्रथम पंक्ति के दूसरे कोष्ठ में नीचे की ओर दूसरी पंक्ति तक चलेंगे जहाँ एक का अंक लिखा हुआ है। इस अंक को भी अलग लिखे हुए अंक १२ तथा ४ के साथ लिख लेंगे। अब हमारे पास उद्दिष्ट तान का केवल एक स्वर 'म' शेष रहा। यह अकेला है अतः इसका भी एक अंक पूर्वलिखित अंकों के साथ लिख लेंगे और अब इन चारों अंकों को जोड़ देंगे जिनका योग १२+४+१+१=१८ हुआ। इस प्रकार हमने यह ज्ञात कर लिया कि 'सा रि ग म' तान के अठारहवें अनुबन्ध में स्वरों का क्रम 'म ग सा रि' है अर्थात् 'म ग सा रे' की क्रम संख्या १८ है।

[यहाँ यह स्मरण रखना चाहिये कि जितने स्वरों की तान हो उतने ही कोष्ठों तक गिनना चाहिये (जैसे चार स्वरों की तान है तो चौथे कोष्ठ तक और पांच स्वरों की तान है तो बाएँ से दाएँ पाँचवें कोष्ठ तक गिनेंगे) और उद्दिष्ट-तान के अन्तिम स्वर की संख्या उन्हीं स्वरों के मूल क्रम के अन्तिम स्वर से ज्ञात करके उतनी ही संख्या में कोष्ठ के नीचे की ओर चलना चाहिये]।

(२) अब इस खण्ड-मेरु के द्वारा नष्ट-तान ज्ञात करनी है। मान लीजिये, कोई प्रश्न करता है कि 'सा रे ग' कूट तान का पाँचवें क्रम में क्या रूप होगा ? (प्रश्न-कर्त्ता किसी भी तान का मूल क्रम अवश्य बतायेगा, जैसे यहाँ 'सा रि ग'-यह मूल क्रम बताया है)। सर्वप्रथम यह देखना चाहिये कि 'सा रि ग' तीन स्वर वाली तान है अतः खण्ड-मेरु की प्रथम पंक्ति के तीन कोष्ठों को ले लिया। इन तीनों कोष्ठों के नीचे तक किसी भी पंक्ति के ऐसे तीन अंकों का चुनाव करो कि जिनका योग पाँच हो, क्योंकि हमें पाँचवाँ क्रम ज्ञात करना है।

इस उद्देश्य से हम संख्याओं का चुनाव इस प्रकार करेंगे—

(क) प्रथम पंक्ति के तीसरे कोष्ठ की सीध में, नीचे की ओर, तीसरी पंक्ति के पहले कोष्ठ की संख्या-अर्थात् ४ (चार)

(ख) प्रथम पंक्ति के दूसरे कोष्ठ की संख्या-अर्थात् ० (शून्य)

(ग) प्रथम पंक्ति के प्रथम कोष्ठ की संख्या-अर्थात् १ (एक)

(यहाँ हमें यह ध्यान अवश्य रखना होगा कि कोष्ठों में से संख्याओं का चुनाव करते समय किसी भी कोष्ठ के ऊपर या नीचे अर्थात् सीध में से केवल एक ही संख्या चुनी जाय। जैसे खण्डमेरु के तीसरे कोष्ठ में ऊपर से नीचे की ओर तीन संख्याएँ ०, २ तथा ४ हैं अतः इनमें से हम किसी भी एक संख्या का ही चुनाव कर सकते हैं)।

इस प्रकार हमें यह संख्या ज्ञात हुई (४+०+१=५) अब हमने देखा कि ४ के अंक का पहली पंक्ति के तीसरे कोष्ठ से नीचे की ओर तीसरा क्रम है, अर्थात् तीन स्वर वाली नष्ट-तान के अन्तिम स्वर का स्थान उन्हीं स्वरों के मूल क्रम वाली तान (सा रि ग) के अन्तिम स्वर 'ग' से तीसरा है अर्थात् 'सा' है। अब दूसरा अंक हमारे पास शून्य का है; जिसका अर्थ यह हुआ कि मूल क्रम के शेष बचे हुए दो स्वरों (रि ग) में अन्तिम स्वर 'ग' से 'ग' ही स्वयं शून्य संख्या के स्थान पर हो सकता है (क्यों कि रि, ग से दूसरे स्थान पर है और खण्ड-मेरु की प्रथम पंक्ति के दूसरे कोष्ठ के नीचे दूसरी पंक्ति में संख्या १ लिखी है, जो हमारी संख्या 'शून्य' से मेल नहीं रखती)। अब शेष बचा 'रि'। इस प्रकार नष्ट-तान के स्वरों का यह क्रम ज्ञात हुआ 'रि ग सा'। अर्थात् 'सा रि ग' नामक तीन स्वरों वाली तान के पांचवें प्रस्तार का स्वरूप होगा 'रि ग सा'। (५५-७१)

तान-प्रकार

अब हम शुद्ध तानों के नाम गिनाते हैं यथा—अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, वाजपेय, षोडशी, पुण्डरीक, अश्वमेध तथा राजसूय ये क्रम से सात षड्जहीन तानों के नाम हैं। (७२,७३)

स्विष्टकृत्, बहुसौवर्ण, गोसव, महाव्रत, विश्वजित्, ब्रह्मयज्ञ तथा प्राजापत्य ये सात क्रमशः ऋषभहीन तानों के नाम हैं।

अश्वक्रान्त, रथक्रान्त, विष्णुक्रान्त, सूर्यक्रान्त, गजक्रान्त, वलभित् तथा नागपक्ष ये सात क्रमशः पंचमहीन तानों के नाम हैं। (७४-७६)

चातुर्मास्य, संस्था, शस्त्र, उक्थ, सौत्रामणी, चित्रा तथा उद्भित् ये सात क्रमशः निषादहीन षाडव-तानें हैं। ये षड्जग्राम की २८ तानें समाप्त हुईं। (७७)

सावित्री, अर्द्धसावित्री, सर्वतोभद्र, आदित्यायन, गवायन, सर्पायन तथा कौणपायन ये षड्जहीन तानों के नाम हैं। (७८-७९)

अग्निचित्,द्वादशाह,उपांशु, सोम, अश्वप्रतिग्रह, बर्हि और अभ्युदय ये ऋषभहीन तानों के नाम माने जाते हैं।

सर्वस्वदक्षिण, दीक्षा, सोम, समित्, स्वाहाकार, तनूनपात तथा गोदोहन ये गान्धारहीन तानों के नाम बताये हैं। ये मध्यमग्राम की २१ षाडव तानों के नाम हैं। (८०-८२)

इडा, पुरुषमेध, श्येन, वज्र, इषु, अंगिरा तथा कंक ये षड्ज-पंचम-हीन तानों के क्रमशः नाम हैं। (८३)

ज्योतिष्टोम, दर्श, नान्दी, पौर्णमासक, अश्वप्रतिग्रह, रात्रि तथा सौभर ये निषाद-गान्धार-हीन तानों के नाम हैं।

सौभाग्यकृत, कारीरी, शान्तिकृत, पुष्टिकृत, वैनतेय, उच्चाटन तथा वशीकरण ये पंचम-ऋषभहीन तानों के नाम हैं। ये षड्जग्राम की २१ औडुव तानें हैं। (८४-८६)

त्रैलोक्यमोहन, वीर, कन्दर्पबलशातन, शंखचूड, गजच्छाय, रौद्र तथा विष्णुविक्रम ये क्रमशः ऋषभ-धैवत-हीन तानों के नाम हैं। (८७,८८)

भैरव, कामद, अवभृथ, अष्टकपाल, स्विष्टकृत, वषट्कार तथा मोक्षद ये निषाद-गान्धार-हीन तानों के नाम हैं। ये मध्यम-ग्राम की १४ औडुव तानें हैं।

जिन तानों का नाम यज्ञ के समान (जैसे ज्योतिष्टोम आदि) है, उनके सम्यक् प्रयोग से यज्ञ के फल की प्राप्ति होती है। (८९,९०)

श्रुतिप्रेरित मूर्च्छना-तानों का गान्धर्व (गान) में प्रयोग करने से धर्म की प्राप्ति होती है। देशीगान में शुद्धमूर्च्छना, तान तथा कूटतानें स्थान-विशेष की दृष्टि से उपयोगी होती हैं।

षड्जग्राम–तान–बोधिनी

षड्जहीन तानें	ऋषभहीन तानें	पंचमहीन तानें	निषादहीन तानें	षड्जपंचम-हीन तानें	निषादगांधार-हीन तानें	पंचम ऋषभ-हीन तानें
अग्निष्टोम	स्विष्टकृत्	अश्वक्रांत	चातुर्मास्य	इडा	ज्योतिष्टोम	सौभाग्यकृत
अत्यग्निष्टोम	बहुसौवर्ण	रथक्रांत	संस्था	पुरुषमेध	दर्श	कारीरी
वाजपेय	गोसव	विष्णुक्रांत	शस्त्र	श्येन	नान्दी	शांतिकृत
षोडशी	महाव्रत	सूर्यक्रांत	उक्थ	वज्र	पौर्णमासक	पुष्टिकृत
पुण्डरीक	विश्वजित्	गजक्रांत	सौत्रामणी	इषु	अश्वप्रतिग्रह	वैनतेय
अश्वमेध	ब्रह्मयज्ञ	वलभित्	चित्रा	अंगिरा	रात्रि	उच्चाटन
राजसूय	प्राजापत्य	नागपक्ष	उद्भित्	कंक	सौभर	वशीकरण

मध्यमग्राम–तान–बोधिनी

षड्जहीन तानें	ऋषभहीन तानें	गांधारहीन तानें	ऋषभधैवत-हीन तानें	निषादगांधार-हीन तानें
सावित्री	अग्निचित्	सर्वस्वदक्षिण	त्रैलोक्यमोहन	भैरव
अर्द्ध सावित्री	द्वादशाह	दीक्षा	वीर	कामद
सर्वतोभद्र	उपांशु	सोम	कंदर्पबलशातन	अवभृथ
आदित्यायन	सोम	समित्	शंखचूड	अष्टकपाल
गवायन	अश्वप्रतिग्रह	स्वाहाकार	गजच्छाय	स्विष्टकृत
सर्पायन	बर्हि	तनूनपात	रौद्र	वषट्कार
कौणपायन	अभ्युदय	गोदोहन	विष्णुविक्रम	मोक्षद

संगीत-रत्नाकर के प्रथम
स्वरगत अध्याय में ग्राम, मूर्च्छनाक्रम तथा तान नामक चौथा
प्रकरण समाप्त

पाँचवाँ

साधारण प्रकरण

साधारण-लक्षण

साधारण दो प्रकार का होता है—स्वरसाधारण तथा जाति-साधारण। इनमें स्वरसाधारण चार प्रकार का बताया है। काकली-साधारण, अन्तरसाधारण, षड्जसाधारण तथा मध्यमसाधारण।

काकलीसाधारण षड्ज और निषाद के बीच में होता है (क्योंकि इस स्थिति में निषाद न तो अपने मूलस्थान पर रहता है और न अपने अग्रिम स्वर (षड्ज) की स्थिति को ही प्राप्त करता है)।

इसी प्रकार, गान्धार और मध्यम के बीच अन्तरसाधारण (अन्तरगान्धार) होता है। (१–३)

षड्ज का उच्चारण करके क्रमशः काकली और धैवत का (अवरोह क्रम से) उच्चारण करना चाहिए। इसी प्रकार मध्यम का उच्चारण करके अन्तर (गान्धार) और ऋषभ का उच्चारण करना चाहिए। (४)

अथवा षड्ज और काकली का उच्चारण करके पुनः षड्ज (एवं उससे परवर्ती स्वरों) का उच्चारण करना चाहिए। इसी प्रकार मध्यम, अन्तरगान्धार और ऋषभ का उच्चारण करके (पुनः) मध्यम एवं उससे परवर्ती स्वरों का उच्चारण करना चाहिए।

इसी प्रकार मध्यम और अन्तर-स्वर का उच्चारण करके फिर मध्यम का ग्रहण कर लेना चाहिए और फिर मध्यम के आगे के स्वरों में से एक का ग्रहण कर लेना चाहिये। काकली (निषाद) और अन्तर (गान्धार) स्वर का सर्वत्र अल्प प्रयोग होता है (५,६)

यदि निषाद षड्ज की पहली श्रुति को ग्रहण कर लेता है और ऋषभ अन्तिम श्रुति को ग्रहण कर लेता है तो उसे षड्ज-साधारण कहते हैं। (७)

जब गान्धार मध्यम की पहिली श्रुति को ग्रहण करले और पंचम अन्तिम श्रुति को ग्रहण करले तो वह मध्यम-साधारण होता है। इसका प्रयोग निश्चित रूप से मध्यम-ग्राम में (ही) होता है। (८)

ये दोनों (षड्जसाधारण तथा मध्यमसाधारण) केशाग्र-अन्तर (अर्थात् प्रयोग-सूक्ष्मता) के कारण 'कैशिक' कहे जाएँगे। कतिपय आचार्यों ने इन्हें 'ग्राम-साधारण' भी कहा है। (९)

एक ग्राम में उत्पन्न समान अंश (स्वर) वाली जातियों में (किए जाने वाले) समान गान को आर्यों (भरतादि आचार्य) ने 'जातिसाधारण' कहा है। किन्हीं आचार्यों (दत्तिल आदि) ने (शुद्ध-कैशिक-मध्यम इत्यादि) रागों को ही जाति-साधारण कहा है। (१०)

संगीतरत्नाकर के प्रथम
स्वरगताध्याय में पाँचवाँ साधारण प्रकरण
समाप्त

छठवाँ

वर्णालङ्कार-प्रकरण

वर्ण

गान-क्रिया को 'वर्ण' कहते हैं जिसके चार भेद हैं—स्थायी, आरोही, अवरोही तथा संचारी।

जहाँ एक-एक स्वर का रुक-रुक कर उच्चारण किया जाय (जैसे स स स स, ग ग ग ग आदि) उसे 'स्थायीवर्ण' कहते हैं। जिस स्वर से आरोह किया जाय उसे 'आरोही वर्ण' जिस स्वर से अवरोह किया जाय उसे 'अवरोही वर्ण' और जहाँ तीनों का सम्मिश्रण हो उसे 'संचारीवर्ण' कहते हैं। (१,२)

अलंकार

विशिष्ट वर्ण-सन्दर्भ को 'अलंकार' कहते हैं। इसके अनेक भेद हैं। मैं उनमें से स्थायीवर्ण-अलंकार को कहता हूँ।

जिनके आदि और अन्त में एक ही स्वर है उन्हें स्थायीवर्ण-अलंकार कहते हैं। प्रसन्नादि, प्रसन्नान्त, प्रसन्नाद्यन्त, प्रसन्नमध्य, क्रमरेचित, प्रस्तार तथा प्रसाद ये सात स्थायी-वर्णालङ्कार हैं।

इस अलंकार-प्रकरण में मूर्च्छना का प्रथम स्वर 'मन्द्र' कहा जाता है। यदि वह दुगुना होजाय तो उसे 'तार' कहते हैं। अथवा पूर्व स्थान पर स्थित स्वर 'मन्द्र' तथा अग्रिम स्थान पर स्थित स्वर 'तार' कहलाता है।

प्रसन्न और मृदु, मन्द्र के ही पर्यायवाची हैं। 'तार' को 'दीप्त' (भी) कहते हैं। जिस स्वर के ऊपर बिन्दु हो उसे 'मन्द्र' कहते हैं। जिसके ऊपर ऊर्ध्व रेखा लगाई जाय उसे 'तार' कहते हैं। जिसका उच्चारण तीन बार किया जाय उसे 'प्लुत' कहते हैं (३,८)

दो मन्द्र स्वरों के उच्चारण करने के बाद यदि एक तार-स्वर का उच्चारण किया जाय तो 'प्रसन्नादि' अलंकार होता है; जैसे सं सं सा

इनको यदि विलोम (विपरीत) कर दिया जाय तो 'प्रसन्नान्त' अलंकार होजाता है, जैसे सां सं सं। दो प्रसन्नों के मध्य में यदि एक तार-स्वर हो तो उसे 'प्रसन्नाद्यन्त' कहते हैं, जैसे सं सां सं। यदि दो तार-स्वरों के मध्य में एक मन्द्र हो तो उसे विद्वानों ने 'प्रसन्नमध्य' अलंकार कहा है; जैसे सां सं सां। (६,१०)

'क्रमरेचित' अलंकार में तीन कलाओं का प्रयोग होता है। इसकी पहली, दूसरी और तीसरी कलाओं के आदि और अन्त में मूर्च्छनाओं का प्रथम स्वर ही रहता है, परन्तु पहली कला के मध्य में दूसरा स्वर, दूसरी कला के मध्य में तीसरा और चौथा स्वर तथा तीसरी कला के मध्य में पाँचवाँ, छठवाँ तथा सातवें स्वर का प्रयोग होता है; जैसे संरिसं, संगमसं, संपधनिसं। (११,१२)

जिसकी तीनों कलाओं के अन्त में तार हो और बाकी पूर्ववत् हो तो उसे 'प्रस्तार' अलंकार कहते हैं। जैसे सांरिसां,सांगमसां,सांपधनिसां।

जिसकी तीनों कलाओं के अंत में प्रथम तार और अन्तिम मन्द्र हो तथा पहली कला के मध्य में दूसरा स्वर एवं दूसरी कला के मध्य में तीसरा व चौथा स्वर तथा तीसरी कला के मध्य में पाँचवाँ, छठवाँ तथा सातवाँ स्वर हो तो उसे 'प्रसाद' अलंकार कहते हैं। जैसे सांरिसं, सांगमसं, सांपधनिसं। ये स्थायीगत अलंकार समाप्त हुए। (१३)

विस्तीर्ण, निष्कर्ष, बिन्दु, अभ्युच्चय, हसित, प्रेङ्खित, आक्षिप्त, सन्धि-प्रच्छादन, उद्गीत, उद्वाहित, त्रिवर्ण तथा वेणि ये १२ आरोहीवर्ण-अलंकार हैं। (१४,१५)

मूर्च्छना के प्रथम स्वर से दीर्घ स्वरों पर रुक-रुक कर क्रम से जहाँ अरोहण हो उसे 'विस्तीर्ण' अलंकार कहते हैं। जैसे सा री गा मा पा धा नी।

जहाँ दो-दो ह्रस्व स्वरों द्वारा रुक-रुक कर आरोहण किया जाय उसे 'निष्कर्ष' अलंकार कहते हैं। जैसे सस, रिरि, गग, मम, पप, धध, निनि।

तीन अथवा चार स्वरों के उच्चारण करने पर 'गात्रवर्ण' अलंकार होता है। जैसे ससस, रिरिरि, गगग, ममम, पपप, धधध, निनिनि अथवा ससस, रिरिरिरि, गगगग, मममम, पपपप, धधधध, निनिनिनि। किन्हीं-किन्हीं आचार्यों ने इस 'गात्रवर्ण' को 'निष्कर्ष' का ही एक भेद माना है।

स्वर जब क्रम से प्लुत ह्रस्व प्लुत ह्रस्व प्लुत ह्रस्व प्लुत होते हुए आरोहण करें तो 'बिन्दु' अलंकार होता है। जैसे सससरि, गगगम, पपपध, निनिनि।

जहाँ एक स्वर के अन्तर से क्रमपूर्वक आरोहण किया जाय तो उसे 'अभ्युच्चय' अलंकार कहते हैं। जैसे सगपनि। (१६,१६)

स्वर-संख्या के अनुसार आवृत्ति करते हुए जहाँ आरोहण हो उसे 'हसित' अलंकार कहते हैं। जैसे स, रिरि, गगग, मममम, पपपपप, धधधधधध, निनिनिनिनिनिनि। (२०)

पहले दो स्वरों का उच्चारण करने के बाद जहाँ द्वितीय स्वर का पूर्व-पूर्व स्वर के साथ आन्दोलन करते हुए आरोहण किया जाय तो उसे 'प्रेङ्खित' अलंकार कहते हैं। जैसे सरि, रिग, गम, मप, पध, धनि। (२१)

एक-एक स्वर के अन्तर से जहाँ पूर्व की भाँति स्वरयुग्म का उच्चारण किया जाय तो उसे 'आक्षिप्त' अलंकार कहते हैं। जैसे सग, गप, पनि। (२२)

'सन्धिप्रच्छादन' अलंकार में तीन-तीन स्वरों से युक्त तीन कलाएँ होती हैं। पहली कला में मूलक्रमानुसार तीन स्वर होते हैं और दूसरी कला में पहली कला का अन्तिम स्वर आदि में तथा तीसरी कला में दूसरी कला के अन्तिम स्वर को आदि में (प्रयुक्त) करना चाहिए। जैसे सरिग, गमप, पधनि। (२३)

जहाँ तीन-तीन स्वरयुक्त दो कलाओं का प्रयोग होता है और कला के प्रथम स्वर की तीन-तीन आवृत्तियाँ की जाती हैं, उसे 'उद्गीत' कहते हैं। इस अलंकार में मूर्च्छना के ६ स्वरों का ही प्रयोग किया जाता है (अर्थात् निषाद का प्रयोग नहीं होता)। जैसे सससरिग, मममपध।

इसी प्रकार जहाँ दोनों कलाओं में बीच के स्वर की तीन-तीन आवृत्तियाँ की जायँ तो उसे 'उद्वाहित' अलङ्कार कहते हैं। जैसे सरिरिरिग, मपपपध। (२४)

जहाँ दोनों कलाओं में अन्तिम स्वर की तीन-तीन आवृत्तियाँ की की जायँ तो उसे 'त्रिवर्ण' अलङ्कार कहते हैं। जैसे सरिगगग, मपधधध।

'वेणि' अलङ्कार में तीन-तीन स्वरयुक्त दो कलाएँ होती हैं और प्रत्येक स्वर की तीन-तीन आवृत्तियाँ की जाती हैं। जैसे ससस रिरिरि गगग, ममम पपप धधध। (२५)

(उपर्युक्त चारों अलंकारों 'उद्गीत, उद्वाहित, त्रिवर्ण तथा वेणि' में सातवें स्वर निषाद का प्रयोग नहीं होता)

ये आरोही-अलंकार समाप्त हुए। अवरोह-क्रम से यदि इन १२ अलंकारों का प्रयोग किया जाय तो वे अवरोही-अलंकार हो जाते हैं।

मन्द्रादि, मन्द्रमध्य, मन्द्रान्त, प्रस्तार, प्रसाद, व्यावृत्त, स्खलित, परिवर्त्त, आक्षेप, बिन्दु, उद्वाहित, ऊर्मि, सम, प्रेङ्ख, निष्कूजित, श्येन, क्रम, उद्घट्टित, रंजित, संनिवृत्तप्रवृत्तक, वेणु, ललितस्वर, हुंकार, ह्लादमान तथा अवलोकित ये २५ संचारी-अलंकार हैं। (२६-२९)

जिसमें पहली-कला पहले, तीसरे तथा दूसरे स्वर से युक्त हो और अन्य कलाओं में मन्द्र का त्याग करते हुए इसी प्रकार तीन-तीन स्वर हों तथा प्रत्येक कला में मूर्च्छना का प्रथम स्वर (मन्द्र) आदि में हो तो उसे 'मन्द्रादि' अलंकार कहते हैं। जैसे सगरि, रिमग, गपम, मधप, पनिध। (३०)

यदि उक्त कलाओं में मन्द्र बीच में हो तो 'मन्द्रमध्य' अलंकार जैसे-गसरि, मरिग, पगम, धमप, निपध होता है और यदि मन्द्र अन्त में हो तो उसे 'मन्द्रान्त' कहते हैं जैसे-रिगस, गमरि, मपग, पधम, धनिप।

जहाँ एक-एक स्वर के अन्तर से दो स्वरयुग्म बनते जायँ और जिस स्वर का परित्याग किया जाय वह दूसरे युग्म के आदि में आता जाय तो वह 'प्रस्तार' अलंकार हो जायगा। जैसे-सग, रिम, गप, मध, पनि।

जहाँ द्वितीय स्वर के आदि और अन्त में पूर्व स्वर कहा जाय उसे 'प्रसाद' अलंकार कहते हैं। सरिस, रिगरि, गमग, मपम, पधप, धनिध।

जब चतुःस्वर कलाओं में पहला, तीसरा, दूसरा, चौथा और पुनः पहला ये स्वर क्रम से चलते जायँ तथा प्रथम स्वर के परित्याग से अन्य तीन कलाएँ भी इसी प्रकार की हों तो 'व्यावृत्त' अलंकार होता है। जैसे-सगरिमस, रिमगपरि, गपमधग, मधपनिम।

'मन्द्रादि' अलंकार की त्रिस्वर कला का प्रयोग करके तथा आगामी स्वर को दो बार उच्चारण करके जहाँ अवरोहण किया जाय तो उसे 'स्खलित' अलंकार कहते हैं। जैसे सगरिममरिगस, रिमगपपगमरि, गपमधधमपग, मधपनिनिपधम। इसकी प्रत्येक कला में आठ स्वर होते हैं।

जब दूसरे स्वर का त्याग करके पहली कला तीन स्वर की हो तथा अन्य कलाएँ भी त्यागे हुए स्वर से प्रारम्भ होकर त्रिस्वर होती जायँ तो उसे 'परिवर्त्त' अलंकार कहते हैं। जैसे सगम, रिमप, गपध, मधनि। (३१,३६)

त्रिस्वर कलाओं में जहाँ पूर्व-पूर्व स्वर का परित्याग और ऊर्ध्व (आगे के) स्वर का क्रमपूर्वक ग्रहण किया जाय तो उसे 'आक्षेप' अलंकार कहते हैं। जैसे-सरिग, रिगम, गमप, मपध, पधनि।

जहाँ पूर्व स्वर को प्लुत करके दूसरे स्वर का उच्चारण किया जाय और फिर पहले स्वर का उच्चारण किया जाय तथा यह प्रयोग अन्य कलाओं में भी हो तो उसे 'बिन्दु' अलंकार कहते हैं। जैसे-सससरिस, रिरिरिगरि, गगगमग, मममपम, पपपधप, धधधनिध।

तीन स्वर की कला के बाद एक स्वर का अवरोहण करे फिर पूर्व स्वर का परित्याग करता हुआ इसी प्रकार अन्य कलाओं को करे तो उसे 'उद्वाहित' अलंकार कहते हैं। जैसे सरिगरि, रिगमग, गमपम, मपधप, पधनिध।

मूर्च्छना के प्रथम स्वर से चौथे स्वर को प्लुत करके पुनः प्रथम स्वर और चौथे स्वर का उच्चारण करे। प्रथम स्वर का परित्याग करते हुए अन्य कलाएँ भी इसी प्रकार करे। इसे 'ऊर्मि' अलंकार कहते हैं। जैसे सममम सम, रिपपप रिप, गधधध गध, मनिनिनि मनि।

कला में चार स्वरों का आरोहण और अवरोहण करे। इसी प्रकार अन्य कलाएँ भी प्रथम एक-एक स्वर का परित्याग करते हुए की जायँ तो उसे 'सम' अलंकार कहते हैं। जैसे सरिगम मगरिस, रिगमप पमगरि, गमपध धपमग, मपधनि निधपम।

जहाँ द्विस्वरा कला आरोहावरोह से युक्त हो और अन्य कलाएँ भी प्रथम एक-एक स्वर के परित्याग से इसी प्रकार कही जायँ तो उसे 'प्रेङ्ख' अलंकार कहते हैं। जैसे-सरिरिस, रिगगरि, गममग, मपपम, पधधप, धनिनिध।

'प्रसाद' अलंकार की कला का गान करके आदि के स्वर, तीसरे स्वर तथा पुनः आदि के स्वर का गान करे तो उसे 'निष्कूजित' अलंकार कहते हैं। जैसे-सरिसगस, रिगरिमरि, गमगपग, मपमधम, पधपनिप।

जब सम्वादी स्वरों के साथ आदि में स रि ग म का प्रयोग चार युगलों में किया जाय तो उसे 'श्येन' अलंकार कहते हैं। जैसे सप, रिध, गनि, मस।

प्रथम स्वर से तीन कलाओं तक गान करे जो द्विस्वर, त्रिस्वर तथा चतुःस्वर हों। इसी प्रकार दूसरे, तीसरे और चौथे स्वरों से आरम्भ करके तीन कलाओं का गान करे तो उसे 'क्रम' अलंकार कहते हैं। जैसे सरि सरिग सरिगम, रिग रिगम रिगमप, गम गमप गमपध, मप मपध मपधनि।

जहाँ दो स्वरों का गान करके पंचम से चार स्वरों का अवरोहण करे और इसी प्रकार एक-एक स्वर का परित्याग करते हुए अन्य कलाओं का गान करे तो उसे 'उद्घट्टित' अलंकार कहते हैं। जैसे सरि पमगरि, रिग धपमग, गम निधपम।

तीन स्वरों की कला का दो बार उच्चारण करके उसके अन्त में मन्द्र स्वर का उच्चारण किया जाय तो उसे 'रंजित' अलंकार कहते हैं।

जैसे-सगरि सगरिस, रिमग रिमगरि, गपम गपमग, मधप मधपम, पनिध पनिधप।

'संनिवृत्तप्रवृत्तक' अलंकार में तीन कलाओं का प्रयोग होता है। पहली कला में प्रथम और पंचम स्वर का गान करके चतुर्थ स्वर से तीन स्वरों का अवरोहण करे तथा अन्य कलाओं में प्रथम एक-एक स्वर का प्रयोग करते हुए इसी प्रकार प्रयोग करे। जैसे-सप मगरि, रिध पमग, गनि धपम।

कला में जहाँ पहले स्वर का दो बार प्रयोग हो तथा दूसरे, चौथे और तीसरे स्वर का एक-एक बार प्रयोग हो और एक-एक स्वर का परित्याग करते हुए अन्य कलाओं का भी इसी प्रकार प्रयोग हो तो उसे 'वेणु' अलंकार कहते हैं। जैसे-सस रिमग, रिरि गपम, गग मधप, मम पनिध।

पहले दो स्वरों के बाद चौथे स्वर का उच्चारण करे और फिर पहले दो स्वरों का अवरोहण करे, यह एक कला हुई। इसी प्रकार अन्य कलाओं का भी प्रयोग करे तो उसे 'ललितस्वर' अलंकार कहते हैं। जैसे—सरिमरिस, रिगपगरि, गमधमग, मपनिपम।

जहाँ आरोहावरोह करते हुए द्विस्वरादिकला का प्रयोग किया जाय और उत्तरोत्तर प्रत्येक कला में एक-एक स्वर बढ़ता जाय तो उसे 'हुंकार' अलंकार कहते हैं। जैसे—सरिस, सरिगरिस, सरिगमगरिस, सरिगमपमगरिस, सरिगमपधपमगरिस, सरिगमपधनिधपमगरिस।

'ह्रादमान' अलंकार में मन्द्रादि-स्वर तथा प्रसन्नान्तकला होनी चाहिए। जैसे—सागरिसा, रिमगरि, गपमग, मधपम, पनिधप।

जहाँ 'सम' अलंकार की कला चतुःस्वरा हो और आरोहावरोह में द्वितीय स्वर का परित्याग हो तो वह 'अवलोकित' अलंकार होता है। जैसे—सागममरिसा, रिमपपगरि, गपधधमग, मधनिनिपम।

ये संचारी अलंकार आरोह (क्रम) से कहे हैं और इन्हीं को शार्ङ्गदेव ने अवरोह (क्रम) से भी कहा है। ये संचारी-अलंकार समाप्त हुए। (५३)

गीतज्ञों ने सात अलंकार और भी बताए हैं यथा—'तारमन्द्रप्रसन्न', 'मन्द्रतारप्रसन्न', 'आवर्त्तक', 'संप्रदान', 'विधूत', 'उपलोल' और 'उल्लासित'। मैं इनके लक्षण कहता हूँ।

इन अलंकारों की प्रथम कला को छोड़कर अन्य कलाओं में प्रथम एक-एक स्वर का परित्याग होता है।

प्रथम स्वर से आठवें स्वर तक आरोहण करके पुनः प्रथम स्वर का गान किया जाय तो उसे 'तारमन्द्रप्रसन्न' अलंकार कहते हैं। जैसे—सांरिगमपधनिसांसां।

मन्द्र स्वर से आठवें स्वर का गान करके यदि सात स्वर अवरोह क्रम से गाए जायँ तो उसे भगवान् शंकर ने 'मन्द्रतारप्रसन्न' अलंकार कहा है। जैसे—सांसांनिधपमगरिसा।

जब कलाओं में पहले दूसरे और फिर पहले स्वर का दो-दो बार गान करके द्वितीय और फिर प्रथम स्वर का गान किया जाय तो उसे 'आवर्त्तक' कहते हैं। जैसे—सासारिरिसासारिसा, रिरिगगरिरिगरि, गगममगगमग, ममपपममपम, पपधधपपधप, धधनिनिधधनिध।

यदि 'आवर्त्तक' अलंकार के दो स्वरों को त्याग कर कलाओं का प्रयोग किया जाय तो उसे 'संप्रदान' अलंकार कहते हैं। जैसे—सासा-रिरिसासा, रिरिगगरिरि, गगममगग, ममपपमम, पपधधपप, धधनि-निधध।

जब एक स्वर परित्याग करते हुए स्वर-युग्म को दो बार गाया जाय और जिस स्वर का परित्याग किया है उस स्वर से आरम्भ करके एक स्वर का परित्याग करते हुए दो स्वरों का गान किया जाय और अन्य चतुःस्वर-पंच-कलाओं का प्रयोग भी इसी प्रकार किया जाय तो उसे 'विधूत' अलंकार कहते हैं। जैसे—सागसाग, रिमरिम, गपगप, मधमध, पनिपनि।

कला के प्रारम्भिक स्वर-युग्म का दो बार गान करके तीसरे और दूसरे स्वर-युग्मों का दो बार गान किया जाय तो वह 'उपलोल' अलंकार होता है। जैसे—सारिसारिगरिगरि, रिगरिगमगमग, गमगमपमपम, मपमपधपधप, पधपधनिधनिध।

कला के आदि-स्वर का दो बार गान करके तीसरे, पहले और फिर तीसरे स्वर का गान किया जाय तो उसे 'उल्लासित' अलंकार कहते हैं। जैसे—सासागसाग, रिरिमरिम, गगपगप, ममधमध, पपनिपनि।

मैंने ये प्रसिद्ध-प्रसिद्ध कुल ६३ अलंकार (७ स्थायी, १२ आरोही, १२ अवरोही, २५ संचारी तथा ७ अन्य) कहे हैं। अलंकार अनन्त हैं इसलिए शास्त्र में सम्पूर्णता से नहीं बताए गए। अलंकार-निरूपण का प्रयोजन रक्तिलाभ, स्वरज्ञान तथा वर्णाङ्गों की विचित्रता का ज्ञान है। (५४-६४)

अलंकारस्वरनामबोधिनी—

प्रसन्नादि— सांसांसा

प्रसन्नान्त— सासांसां

प्रसन्नाद्यन्त— सांसासां

प्रसन्नमध्य— सासांसा

क्रमरेचित— सांरिसां, सांगमसां, सांपधनिसां

प्रस्तार— सांरिसा, सांगमसा, सांपधनिसा

प्रसाद— सारिसां, सागमसां, सापधनिसां

विस्तीर्ण— सा, रि, ग, म, प, ध, नि

निष्कर्ष— सासा, रिरि, गग, मम, पप, धध, निनि

(या)

गात्रवर्ण— सासासा, रिरिरि, गगग या सासासासा, रिरिरिरि इत्यादि।

बिन्दु— सासासारि, गगगम, पपपध, निनिनि

अभ्युच्चय— सागपनि इत्यादि

हसित— सा, रिरि, गगग, मममम, पपपपप, धधधधधध, निनिनिनिनिनिनि

प्रेङ्खित— सारि, रिग, गम, मप, पध, धनि

आक्षिप्त— साग, गप, पनि

सन्धिप्रच्छादन—सारिग, गमप, पधनि

उद्गीत—	सासासारिग, ममममध
उद्वाहित—	सारिरिरिग, मपपपध
त्रिवर्ण—	सारिगगग, मपधधध
वेणि—	सासासा रिरिरि गगग, ममम पपप धधध
मन्द्रादि—	सागरि, रिमग, गपम, मधप, पनिध
मन्द्रमध्य—	गसारि, मरिग, पगम, धमप, नि१ध
मन्द्रान्त—	रिगसा, गमरि, मपग, पधम, धनिप
प्रस्तार—	साग, रिम, गप, मध, पनि
प्रसाद—	सारिसा, रिगरि, गमग, मपम, पधप, धनिध
व्यावृत्त—	सागरिमसा, रिमगपरि, गपमधग, मधपनिम
स्खलित—	सागरिममरिगसा, रिमगपपगमरि, गपमधधमपग, मधपनिनिपधम
परिवर्त्त—	सागम, रिमप, गपध, मधनि
आक्षेप—	सारिग, रिगम, गमप, मपध, पधनि
बिन्दु—	सासासारिसा, रिरिरिगरि, गगगमग, मममपम, पपपधप, धधधनिध
उद्वाहित—	सारिगरि, रिगमग, गमपम, मपधप, पधनिध
ऊर्मि—	साममम साम, रिपपप रिप, गधधध गध, मनिनिनि मनि
सम—	सारिगम मगरिस, रिगमप पमगरि, गमपध धपमग, मपधनि निधपम
प्रेङ्ख—	सारिरिसा, रिगगरि, गममग, मपपम, पधधप, धनिनिध
निष्कूजित—	सारिसागसा, रिगरिमरि, गमगपग, मपमधम, पधपनिप
श्येन—	साप, रिध, गनि, मसा
क्रम—	सारि सारिग सारिगम, रिग रिगम रिगमप, गम गमप गमपध, मप मपध मपधनि
उद्घट्टित—	सारि पमगरि, रिग धपमग, गम निधपम
रंजित—	सागरि सागरिसा, रिमग रिमगरि, गपम गपमग, मधप मधपम, पनिध पनिधप

संनिवृत्तप्रवृत्तक— साप मगरि, रिध पमग, गनि धपम

वेणु— सासा रिमग, रिरिगपम, गग मधप, मम पनिध

ललितस्वर— सारिमरिसा, रिगपगरि, गमधमग, मपनिपम

हुंकार— सारिसा, सारिगरिसा, सारिगमगरिसा, सारिगमपमगरिसा, सारिगमपधपमगरिसा, सारिगमपधनिधपमगरिसा

ह्लादमान— सागरिसा, रिमगरि, गपमग, मधपम, पनिधप

अवलोकित— सागममरिस, रिमपपगरि, गपधधमग, मधनिनिपम

तारमन्द्रप्रसन्न— सांरिगमपधनिसांसां

मन्द्रतारप्रसन्न— सांसांनिधपमगरिसा

आवर्त्तक— सासारिरिमासारिसा, रिरिगगरिरिगरि, गगममगगमग, ममपपममपम, पपधधपपधप, धधनिनिधधनिध

संप्रदान— सासारिरिसासा, रिरिगगरिरि, गगममगग, ममपपमम, पपधधपप, धधनिनिधध

विधूत— सागसाग, रिमरिम, गपगप, मधमध, पनिपनि

उपलोल— सारिसारिगरिगरि, रिगरिगमगमग, गमगमपमपम, मपमपधपधप, पधपधनिधनिध

उल्लासित— सासागसाग, रिरिमरिम, गगपगप, ममधमध, पपनिपनि

संगीतरत्नाकर के प्रथम
स्वरगतअध्याय में छठवाँ वर्णालंकार-प्रकरण समाप्त

सातवाँ

जाति-प्रकरण

जाति

षड्ज (ऋषभ) आदि स्वरों जैसे नाम वाली सात शुद्ध जातियाँ हैं यथा-षाड्जी, आर्षभी, गान्धारी, मध्यमा, पंचमी, धैवती और नैषादी। इनके लक्षण कहे जाते हैं—

जिन जातियों का नामस्वर ही न्यास, अपन्यास, अंश तथा ग्रह होता है और तार में न्यास नहीं होता तथा जो पूर्ण होती हैं उन्हें शुद्ध कहते हैं। न्यास (स्वर) के अतिरिक्त अन्य (एक, दो या अनेक) लक्षणों से रहित (या विकार-युक्त) होने पर ये ही जातियाँ विकृत कहलाने लगती हैं। (१-३)

पूर्णता, ग्रह, अंश तथा अपन्यास इनमें से एक-एक के परित्याग से (जाति के) चार विकृत भेद हो जाते हैं;दो-दो के परित्याग से छः भेद हो जाते हैं तथा तीन लक्षणों के परित्याग से चार भेद और चारों लक्षणों के परित्याग से एक भेद हो जाता है । इस प्रकार तत्वज्ञों ने षाड्जी (जाति) के ये १५ विकृत-भेद बताए हैं। इनमें आठ भेद पूर्णता-हीन हैं तथा सात अन्य लक्षणों से हीन हैं।

षाडव तथा औडुव भेद से पूर्णता-हीन भेद दो प्रकार के होजाते हैं। आर्षभी इत्यादि औडुव जातियों के आठ भेद और अधिक हो जाते हैं, अतः इन ६ जातियों में प्रत्येक के २३-२३ भेद हैं। (४-७)

विकृत जातियों के संसर्ग (परस्पर संयोग) से ११ जातियाँ उत्पन्न होती हैं। इनके नाम हैं—षड्जकैशिकी, षड्जोदीच्यवा, षड्जमध्यमा, गान्धारोदीच्यवा, रक्त गान्धारी, कैशिकी, मध्यमोदीच्यवा, कार्मारवी, गान्धारपंचमी, आन्ध्री तथा नन्दयन्ती । अब मैं इनकी आधारभूत जातियाँ बताता हूँ—

षाड्जी और गान्धारी के योग से—षड्जकैशिकी ल)
षाड्जी और मध्यमा के योग से—षड्जमध्यमा ६)

गान्धारी और पंचमी के योग से—गान्धारपंचमी
गान्धारी और आर्षभी के योग से—आन्ध्री
षाड्जी–धैवती तथा गान्धारी के योग से—षड्जोदीच्यवती
नैषादी–पंचमी और आर्षभी के योग से—कार्मारवी
गान्धारी-पंचमी और आर्षभी के योग से—नन्दयन्ती,
गान्धारी-धैवती-षाड्जी और मध्यमा के योग से—गान्धारोदीच्यवा
गान्धारी–धैवती–मध्यमा और पंचमी के योग से—मध्यमोदीच्यवा
गान्धारी–नैषादी–मध्यमा और पंचमी के योग से—रक्तगान्धारी
तथा षाड्जी-गान्धारी-मध्यमा–पंचमी और नैषादी के योग से—कैशिकी जाति का निर्माण होता है। (८–१६)

षड्ज नाम से अभिहित चार जातियाँ तथा नैषादी, धैवती और आर्षभी ये सात जातियाँ षड्जग्राम की हैं, शेष मध्यमग्राम की हैं। अब इनके पूर्णत्व आदि को कहते हैं।

कार्मारवी, गान्धारपंचमी, षड्जकैशिकी और मध्यमोदीच्यवा ये जातियाँ नित्य–पूर्ण हैं (अर्थात् इनका षाडव–औडुव भेद नहीं होता)। षाड्जी, नन्दयन्ती, आन्ध्री और गान्धारोदीच्यवा ये चार जातियाँ मुनि काश्यप ने सम्पूर्ण तथा षाडव बताई हैं (अर्थात् इनका औडुव भेद नहीं होता)। अवशिष्ट दस जातियाँ सम्पूर्ण, षाडव और औडुव हैं। (१७,२०)

स्वरसाधारण

पंचमी, मध्यमा तथा षड्ज–मध्यमा नाम वाली जातियों में भरत आदि मुनियों ने 'स्वरसाधारण' कहा है। (२१)

षड्ज, मध्यम तथा पंचम के अंश होने पर नियमानुसार स्वर-साधारण होता है। कम्बल और अश्वतर आचार्यों ने उन्हीं जातियों में स्वरसाधारण बताया है, जहाँ निषाद और गान्धार का अल्प प्रयोग हो। रागभाषादि (दशविधि राग–प्रपंच) तथा अल्प निषाद-गांधार में भी स्वरसाधारण का प्रयोग बताया है। षड्जमध्यमा जाति में निषाद और गान्धार के अंश होने पर स्वरसाधारण का [illegible]योग नहीं करना चाहिए। स्वरसाधारण के आश्रय केवल विकृत [illegible]ँ ही होती हैं। (२२,२३)

नन्दयन्ती, मध्यमोदीच्यवा तथा गान्धारपंचमी इन तीनों जातियों में एक-एक स्वर अंश होता है। धैवती, गान्धारोदीच्यवा तथा पंचमी में दो-दो स्वर अंश होते हैं। नैषादी, आर्षभी तथा षड्जकैशिकी में तीन-तीन अंश होते हैं। आन्ध्री, कार्मारवी तथा षड्जोदीच्यवा में चार-चार अंश होते हैं। रक्तगान्धारी, गान्धारी, मध्यमा तथा षाड्जी में पाँच-पाँच अंश होते हैं। कैशिकी में छः तथा षड्जमध्यमा में सात अंश होते हैं। इस प्रकार इन १८ जातियों में ६३ अंश होते हैं। (२४,२८)

ग्रह, अंश, तार, मन्द्र, न्यास, अपन्यास, सन्यास, विन्यास, बहुत्व और अल्पत्व ये अन्तरमार्ग के साथ जातियों के लक्षण हैं। कहीं-कहीं षाडव तथा औडुव भी हैं। इस प्रकार जातियों के ये १३ लक्षण बताए हैं। (२९,३०)

ग्रह

गीत के प्रारम्भ में जिस स्वर का प्रयोग हो उसे 'ग्रह' कहते हैं। जहाँ 'ग्रह' तथा 'अंश' में से किसी एक का निर्देश हो तो वहाँ दोनों को ही समझना चाहिए (क्योंकि जो 'ग्रह' होता है वही 'अंश' होता है)।

अंश

जो गीत में रक्ति का अभिव्यंजक होता है, जिसके संवादी अनुवादी स्वरों का विदारी (गीतखण्ड) में प्रचुर प्रयोग होता है, जिससे तार-मन्द्र की व्यवस्था होती है, जो (कभी कभी) अपना संवादी स्वयं हो जाता है (अनुवादी नहीं) तथा जो न्यास-अपन्यास-विन्यास-सन्यास और ग्रह को प्राप्त होकर व्यापक रूप से सर्वाधिक प्रयोग में आता है, वह 'अंश' कहलाता है। (३१,३४)

तार

मध्यम सप्तक में स्थित अंश स्वर जब तार (सप्तक) में स्थित हो तो उसके आगे के चार स्वरों तक आरोहण करे। यह 'तार' की परम अवधि है। इसके विपरीत (यदि आवश्यक) हो तो (तारगति) स्वेच्छा से करनी चाहिए। तार में लुप्त (स्वर) की भी गणना होती है। (केवल) नन्दयन्ती में (ही) तार षड्ज तक आरोहण बताया है। (३५,३६)

मन्द्र

मध्य स्थान में स्थित अंश स्वर से मन्द्रस्थ अंश (स्वर) तक अथवा मन्द्रस्थ न्यास (स्वर) तक अथवा मन्द्रस्थान-स्थित ऋषभ-धैवत पर्यन्त अवरोहण करे। यह 'मन्द्र गति' की पराकाष्ठा है। परन्तु आवश्यक हो तो (निकटस्थ स्वरों पर) स्वेच्छा से (अवरोहण) करे।

न्यास

जिस स्वर पर गीत की समाप्ति हो, वह 'न्यास' कहलाता है और यह २१ प्रकार का है। षाड्जी, आर्षभी, गान्धारी, मध्यमा, पंचमी, धैवती तथा नैषादी इन सात जातियों के क्रमशः षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद ये सात न्यास-स्वर हैं। षड्जमध्यमा के षड्ज और मध्यम ये दो न्यास हैं। षड्जोदीच्यवा, गान्धारोदीच्यवा तथा मध्यमोदीच्यवा में न्यास मध्यम स्वर है। कैशिकी के निषाद, पंचम और गान्धार न्यास हैं। कार्मारवी का न्यास पंचम है तथा बाकी बची पाँच जातियों में न्यास गान्धार स्वर है। इस प्रकार यह २१ न्यास हुए। (३७,४०)

अपन्यास

